विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 302 | कोरबा, रविवार, दिनांक 03 अगस्त 2025 डाक 04 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा
उत्तर प्रदेश के मेरठ में कांग्रेस सदस्यों ने मेरठ नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया



देश-विदेश
सोनम, राज और अन्य तीन आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी, साक्ष्यों की जांच रिपोर्ट आने का इंतजार



फीचर पेज
सोने से पहले फोन का उपयोग करना छोड़ दें, इससे मिल सकते हैं कई लाभ



## श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो नहर में गिरी, 11 की दर्दनाक मौत



गोंडा 3 अगस्त। रविवार की सुबह पृथ्वीनाथ मंदिर जा रही श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो पलट गई। बोलेरो में सवार 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जांच में जुटे हैं।बताया जाता है कि मोतीगंज थाना के सीहागांव निवासी प्रह्लाद गुप्ता बोलेरो से परिवार व मित्रों के साथ पृथ्वीनाथ मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। पारासराय अलावल देवरिया मार्ग पर रेहरा गांव स्थित सरयू नहर पुल के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। बोलेरो में 15 लोग सवार थे, जिसमें से 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। थानाध्यक्ष इटियाथोक केजी राव ने बताया कि नहर से 11 शव बरामद किए गए हैं। चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

# बड़ी गलती कर रहे ट्रंप, भारत पर टैरिफ लगने के बाद कनाडाई बिजनेसमैन ने दी चेतावनी

नईदिल्ली, 03 अगस्त [एजेंसी]।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इस घोषणा को भारत पर ट्रेड डील के लिए दबाव बनाने की नजर से देखा जा रहा है। वहीं अब कनाडा के बिजनेस टाइकून ने ट्रंप को उनके इस कदम के लिए चेताया है और भारत पर टैरिफ लगाने को बड़ी भूल बताया है। दिग्गज कनाडाई कारोबारी और टेस्टबेड के चेयरमैन किर्क लुबिमोव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लंबा-चौड़ा पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के डोनाल्ड ट्रंप के फैसले की आलोचना की है और पीएम मोदी को दुनिया में बेहद लोकप्रिय



नेता बताया है। किर्क लुबिमोव ने लिखा, मैंने पहले भी कहा है, और मैं इसे फिर से कहूंगा। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ दृष्टिकोण की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसमें जियो पॉलिटिकल स्ट्रैटदी का जरा भी ध्यान नहीं रखा जाता है। ट्रंप अब भारत से लड़ाई लड़ रहे हैं, जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी में से एक है। उन्होंने आगे लिखा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया में सबसे ज्यादा सम्मानित हैं और कई देशों में उनका प्रभाव है। असली मकसद चीन और ब्रिक्स के प्रभुत्व और विकास को कमजोर करना है। भारत इसका एक हिस्सा है, लेकिन यह चीन से प्रोडक्शन को ट्रांसफर करने के लिए एक स्वाभाविक देश हो सकता है। किर्क लुबिमोव ने तंज कसते हुए कहा कि अमेरिका 50 सेंट के टूथब्रश तो नहीं बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत के हथौड़े और कील का इस्तेमाल करने के बजाय उसका आर्थिक सहयोग करना चाहिए और कनाडा को भी इसमें साथ लाना चाहिए, जिससे हम प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत को पूरा करने में मदद कर सकें।

## कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री ने छोड़ा कांग्रेस का दामन, अब थामेंगे इस बड़ी पार्टी का हाथ



पटना, 03 अगस्त [एजेंसी]।

बिहार कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री डॉ. अशोक राम ने पार्टी को अलविदा कहने का फैसला किया है। वर्षों तक कांग्रेस में रहने के बाद अशोक राम रविवार को जेडीयू में शामिल होने जा रहे हैं। अशोक राम ने खुद जेडीयू में शामिल होने की पुष्टि की है।डॉ. अशोक राम बिहार में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शामिल रहे हैं। उनका नाम बिहार के दलित नेताओं में शुमार है। वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। वे छह बार विधायक भी रह चुके हैं। वे बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वे बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु से नाराज थे। अल्लावरु ने उन्हें हाशिए पर डाल दिया था। अपनी उपेक्षा से वे काफी नाराज थे। अशोक राम ने रविवार को पार्टी छोड़ने की पुष्टि की और कहा कि वे बेहद निजी कारणों से कांग्रेस को अलविदा कह रहे हैं। वे रविवार दोपहर जेडीयू कार्यालय में जेडीयू में शामिल होंगे। राजेश राम के पिता बालेश्वर राम भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हैं, वे सांसद और विधायक भी रहे।

## क्या तेजस्वी के पास दो वोटर कार्ड ? पूर्व डिप्टी सीएम ने उठाया मुद्दा तो चेता चुनाव आयोग, शुरू की जांच



नई दिल्ली । राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची से नाम काटे जाने के आरोपों के बाद अब उनके पास वोटर कार्ड होने का मुद्दा गरमा गया है। तेजस्वी ने शनिवार को दावा किया है कि बिहार की ड्राफ्ट मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। जिसका खंडन करते हुए चुनाव आयोग ने उनका लिस्ट में शामिल होने का सबूत दिया था। इस घटना में नया मोड़ तब आया जब तेजस्वी यादव की ओर से बताया गया ईपीआईसी नंबर (आरबीआई 2916120) और चुनाव आयोग की ओर से जारी ईपीआईसी नंबर (आरबीआई 0456228) दोनों अलग-अलग थे। इसके बाद ये आशंका जताई गई है, कि तेजस्वी यादव के नाम के दो वोटर कार्ड हो सकते हैं। चुनाव आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

# आतंकवाद का रंग भगवा नहीं, बल्कि..., मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद और क्या बोलीं साध्वी प्रज्ञा?

नईदिल्ली, 03 अगस्त [एजेंसी]।

2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस की आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को कोर्ट ने बरी कर दिया है। वहीं, साध्वी प्रज्ञा का कहना है कि जांच के दौरान गलत जानकारी न फैलाने के कारण उन्हें काफी टॉर्चर किया गया था। रविवार को भोपाल एअरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान साध्वी प्रज्ञा ने कहा, मुझसे गलत जानकारी फैलाने के लिए कहा गया था, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। इसलिए मुझे बहुत टॉर्चर किया गया था। साध्वी प्रज्ञा ने मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर



परमबीर सिंह पर निशाना साधते हुए कहा, वो बहुत निकृष्ट व्यक्ति है। उसने कानून से परे जाकर मुझे प्रताड़नाएं दी हैं। वो अधिकारी के पद पर रहने के काबिल नहीं हैं। अकेले परमबीर सिंह ने नहीं बल्कि पूरे ग्रुप के अधिकारियों ने प्रताड़ित किया है। मैं 24 दिनों तक पुलिस कस्टडी में रही और उनकी प्रताड़नाएं झेलती रही। साध्वी प्रज्ञा का बयान ऐसे समय सामने आया है, जब मालेगांव ब्लास्ट देश में एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है। अदालत से बरी होने के बाद पहली बार भोपाल पहुंची साध्वी प्रज्ञा का कहना है कि पुलिस कस्टडी के दौरान उनपर कई बड़े नेताओं का नाम लेने का आरोप लगाया गया था। साध्वी प्रज्ञा ने कहा- मुझसे बहुत बड़े-बड़े लोगों के नाम जबरदस्ती बोलने के लिए कहा। मैंने नहीं बोला, इसलिए उन्होंने मुझे प्रताड़ित किया। उन नामों में विशेषरूप से भागवत जी, मोदी जी, योगी जी और इंद्रेश जी का नाम लेने के लिए दबाव बनाया गया। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए साध्वी प्रज्ञा ने कहा, कांग्रेस ने मुस्लिम वर्ग के लिए तुष्टिकरण की नीति अपनाई। उन्होंने इसका भरपूर उपयोग किया। हिंदूओं को प्रताड़ित किया गया। उन्होंने भगवा और हिंदुत्व को आतंकवाद कह दिया। कांग्रेस ने यह कुचक्र रचा।

## कार खाई में गिरी 2 की मौत 3 घायल

कठुआ। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। लखनपुर-बसंतपुर मार्ग पर एक कार खाई में गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। कार तेज रफ्तार में लखनपुर से बसंतपुर की ओर जा रही थी, तभी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मौके पर राहत और बचाव कार्य चलाया गया।

## तक तीन आतंकी ढेर, इस साल का सबसे बड़ा ऑपरेशन!



जम्मू- कश्मीर, 03 अगस्त ।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल देवसर इलाके में तीसरे दिन भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। आज तीसरे दिन एक और आतंकवादी मारा गया है। शनिवार को दो आतंकी मारे गए थे। जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने कुलगाम जिले में शनिवार को लश्कर-ए-ताइबा के हारिस नजीर समेत दो आतंकियों को मार गिराया था। ये जिले में अखल के जंगल में छिपे थे। इसमें एक सैन्य अधिकारी के घायल होने की भी सूचना है। उन्हें श्रीनगर में सेना के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र में और आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका के चलते सैन्य ऑपरेशन जारी है। शनिवार की रात में गोलीबारी होती रही। पुलिस के एक अधिकारी ने दो आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि की। ड्रोन से दोनों के शव जंगल में पड़े देखे गए हैं। हारिस को सुबह मार गिराया गया तो दूसरे आतंकी को दोपहर को ढेर कर दिया गया। जबकि तीसरे आतंकी को रविवार को मारा गया। हारिस पुलवामा के कच्चीपोरा का रहने वाला था। वह लश्कर के सी श्रेणी का आतंकी था। हारिस 24 जून 2023 में आतंकी बना था। बायसरन आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों की ओर से जारी 14 आतंकियों की सूची में हारिस का भी नाम था। दूसरे आतंकी की देर रात तक पहचान नहीं हो पाई थी।सैन्य ऑपरेशन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे देवसर में अखल के जंगल में चार से पांच आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी।

## पाकिस्तान में आधी रात को डोली धरती

### इस्लामाबाद-रावलपिंडी समेत कई जगहों पर दहशत में आए लोग

इस्लामाबाद। भूकंप के झटकों से एक बार फिर पाकिस्तान की धरती कांप उठी है। पाकिस्तान के कई इलाकों में 5.1 की तीव्रता के झटके महसूस किए गए हैं। इससे लोग काफी दहशत में आ गए हैं। नेशनल सिस्मिक मॉनिटरिंग सेंटर के अनुसार, आज यानी शनिवार-रविवार की रात को इस्लामाबाद, खैबर पख्तूनख्वा और रावलपिंडी समेत कई जगहों पर भूकंप के झटके लगे हैं।

## श्रद्धालुओं से भरी अर्टिगा कार में ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत और सात घायल



गोरखपुर। लिंक एक्सप्रेस वे पर खजनी क्षेत्र में रविवार तड़के श्रद्धालुओं की अर्टिगा कार तेज रफ्तार ट्रक से भिड़ गई। हादसे में कुशीनगर के रहने वाले कार सवार रमाशंकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सभी लोग खाटू श्याम के दर्शन कर घर लौट रहे थे।कुशीनगर के पटहेरवा निवासी रमाशंकर अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ तीन दिन पहले खाटू श्याम हुए थे। लौटते समय रविवार सुबह करीब 4.45 बजे लिंक एक्सप्रेसवे पर सिकरीगंज रोड के पा तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी अर्टिगा कार (UP 52 BH 3555) में टक्कर मार दी।

## सिरमौर में नेशनल हाईवे पर भारी भूस्खलन से आवाजाही बंद, सैकड़ों गाड़ियां फंसी



नाहन। जिला सिरमौर के पांवटा साहिब शिलाई गुम्मा नेशनल हाईवे 707 पर भारी भूस्खलन होने से कफोटा के समीप सुबह 5.00 से हैवना में बंद है। हिमाचल प्रदेश के पहले ग्रीन कॉरिडोर के निर्माणधीन के चलते अक्सर यह सड़क कहीं ना कहीं बंद होती है। जिला सिरमौर में पिछले एक महीने से हो रही भारी बारिश के चलते प्रतिदिन लोक निर्माण विभाग की दर्जनों सड़के बंद हो रही है। पांवटा साहिब शिलाई गुम्मा नेशनल हाईवे पर पिछले तीन वर्षों से निर्माण कार्य चल हुआ है। जिसके चलते यह मार्ग अक्सर बंद हो जाता है। वहीं, रविवार तड़के हैवना में फिर से भारी भूस्खलन हुआ, भूस्खलन के दौरान पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टाने व भारी मलवा सड़क पर आ गया। जिसके चलते सुबह से भारी वाहन जाम में फंसे हैं। वहीं, शिमला जिला से सेब व शिलाई विधानसभा क्षेत्र से सब्जियां मंडियों तक पहुंचने वाले ट्रक और यात्रियों को ले जाने वाली बसें रोड बहाल करने का इंतजार कर रही है।

# बेनकाब हुआ पाकिस्तान... ऑपरेशन महादेव में जिस आतंकी को सेना ने मारा

## पीओके में निकला उसका जनाजा



जम्मू, 03 अगस्त [एजेंसी]।

पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले तीनों आतंकियों को ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षाबलों ने मार गिराया। अब खबर है कि इस ऑपरेशन के दौरान मारे गए आतंकी ताहिर हबीब का जनाना-ए-गायब गुलाम कश्मीर के काई गल्ला गांव में निकाला गया।इस दौरान बड़ी संख्या इस आतंकी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कई बुजुर्ग, पाकिस्तान के पूर्व सैनिक और लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य पहुंचेय़ बता दें कि जनाजा-ए-गायब का आयोजन ऐसे समय पर होता है, जब शव नहीं हो। पीओके से इस तस्वीर के सामने आने के बाद ये दूसरी बार सिद्ध हो गया कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता रही है। टीओआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, ताहिर हबीब इससे पहले पाकिस्तानी सेना का जवान रह चुका है। कुछ समय बाद वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ गया था। बताया जाता है कि हबीब ने पहलगाम हमले में अहम भूमिका निभाई थी। पहलगाम हमले के दौरान 26 निर्दोष पर्यटकों की आंतकियों ने हत्या कर दी थी। बताया जाता है कि ताहिर हबीब को इंटेलिजेंस रिकॉर्ड में अफगानी के नाम से जाना जाता रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि वह सदोई पठान समुदाय से था। इसकी ऐतिहासिक जड़ें अफगानिस्तान और पूंछ विद्रोह से जुड़ी हैं। बताया जा रहा है कि इस आतंकी का जनाजा निकाला जा रहा था, उस समय लश्कर कमांडर भी इसमें शामिल होने के लिए पहुंचा। हालांकि, ताहिर के परिजनों ने उसे अंतिम संस्कार में शामिल होने से मना कर दिया। बताया जा रहा है कि इस बात को लेकर वहां पर एक छोटी सी झड़प भी देखने को मिली।

## हिमाचल के पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह के खिलाफ डीए मामला खत्म

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले में सभी आपराधिक कार्यवाही को 8 जुलाई को उनके निधन के बाद रद्द कर दिया है। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने कहा, वीरभद्र सिंह के वकील ने एक आवेदन दायर कर कहा है कि उनका निधन हो गया है। इसलिए, उनके खिलाफ कार्यवाही रद्द की जाती है। यह आदेश उनके खिलाफ लंबित केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों मामलों पर लागू होता है। डीए मामले में आरोप लगाया गया था कि सिंह ने सार्वजनिक पद पर अपने कार्यकाल के दौरान अपनी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# तमिलनाडु के 6.5 लाख प्रवासी मजदूर वोटर लिस्ट में जुड़े भड़के चिदंबरम, चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

नईदिल्ली, 03 अगस्त [एजेंसी]।



पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने चुनाव आयोग पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने बिहार और तमिलनाडु के बीच मतदाता सूची से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर गहरी चिंता जताई है। चिदंबरम ने लिखा, एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया अब और भी ज्यादा रहस्यमयी होती जा रही है। एक ओर बिहार में 65 लाख मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर किए जाने का खतरा है, वहीं तमिलनाडु में 6.5 लाख नए लोगों को वोटर के तौर पर जोड़ा जाना बेहद चिंताजनक और स्पष्ट रूप से अवैध है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों को स्थायी रूप से प्रवासित बताया जा रहा है, जो न केवल प्रवासी मजदूरों का अपमान है, बल्कि तमिलनाडु की जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों में भी सीधा हस्तक्षेप है। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि आखिर कोई प्रवासी मजदूर बिहार (या अपने गृह राज्य) लौटकर विधानसभा चुनाव में मतदान क्यों नहीं कर सकता, जबकि आमतौर पर छठ पूजा जैसे त्योहारों पर वे घर लौटते हैं। उन्होंने कहा, मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के लिए व्यक्ति का एक निश्चित और कानूनी स्थायी निवास होना चाहिए। यदि प्रवासी मजदूर का परिवार बिहार में रहता है और उसका स्थायी घर वहीं है, तो उसे तमिलनाडु का स्थायी निवासी कैसे माना जा सकता है। चिदंबरम ने इसे चुनाव आयोग द्वारा सत्ता का खुला दुरुपयोग करार देते हुए आरोप लगाया कि आयोग राज्यों के चुनावी स्वरूप और पैटर्न को जबरन बदलने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सत्ता का गंभीर दुरुपयोग है और इसे राजनीतिक और कानूनी स्तर पर चुनौती दी जानी चाहिए।

## बैंक ने डेबिट कार्ड, पुलिस ने ठग के चार नंबर किए ब्लॉक, फिर भी निकल गई रकम

दक्षिणी दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड के नाम पर पानी का कनेक्शन काटने का झांसा देकर ठग ने एक व्यक्ति के खाते से 7.45 लाख रुपये निकॉल लिए। फोन आने के बाद पीड़ित ने बैंक से अपना डेबिट कार्ड ब्लॉक करवाकर पुलिस को शिकायत दी थी। इसके बाद साइबर पुलिस ने जिस नंबर से पीड़ित के मोबाइल फोन पर कॉल आई थी, उसे भी ब्लॉक कर दिया था। इसके बावजूद उनके खाते से एक सप्ताह बाद रुपये निकल गए। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## साउथ फिल्म इंडस्ट्री को झटका, माधवन बॉब फेम तमिल अभिनेता कृष्णमूर्ति का निधन

चेन्नई। तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेता और हास्य कलाकार एस. कृष्णमूर्ति का 71



वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें माधवन बॉब के नाम से भी जाना जाता था। कैंसर से पीड़ित अभिनेता ने 2 अगस्त को अपने चेन्नई, अडयार स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से तमिल फिल्म उद्योग और प्रशंसक काफी दुखी हैं। माधवन बॉब का जन्म 19 अक्टूबर 1953 को हुआ था।

# जिले में सर्वाधिक सदस्य बनाने पर उद्योग मंत्री देवांगन सम्मानित

**कोरबा।** शनिवार को मुख्यमंत्री निवास अटल नगर नया रायपुर में भारतीय जनता पार्टी के उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान 2024-25 का आयोजन किया गया। सदस्यता अभियान में सबसे अधिक सदस्य बनाने वाले विधायकों, सांसदों, सहित जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सदस्यता भूषण सम्मान, सदस्यता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।



कोरबा जिले से सबसे अधिक सदस्यता कोरबा नगर विधायक, वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बनाया था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडे द्वारा मंत्री श्री देवांगन को 14419 सदस्य बनाने पर सदयस्ता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी हुई सूची के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक सदस्य बनाने वालों में कोरबा नगर विधायक लखन लाल देवांगन 11वे स्थान पर रहे। मंत्री गणों में दूसरे नंबर पर और विधायकों में छठवें क्रम पर मंत्री श्री देवांगन रहे। सदस्यता रत्न सम्मान मिलने के बाद मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकप्रिय राजनितिक पार्टी है, प्रदेश में 60 लाख से अधिक भाजपा के कार्यकर्ता है। जिसका पूरा श्रेय भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओ एवं समर्पित सदस्यों को जाता है।इसी तरह कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल को भी 10177 को भी सदस्यता बनाने पर सदस्यता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। भाजपा सदस्यता अभियान में कोरबा जिले का प्रदर्शन बेहतर रहा। 1 लाख से अधिक सदस्य बनाकर कोरबा जिला छठवें पायदान पर रहा।सुश्री रितु चौरसिया को सदस्यता श्री पुरस्कार, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी को सदस्यता गौरव पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनवार, एमआईसी सदस्य अजय चंद्रा, लक्की नंदा भी उपस्थित रहे।

## दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति डीडीएम रोड का गठन जेपी फिर बनें अध्यक्ष



**कोरबा।** दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति,डी.डी.एम.रोड की सामान्य बैठक श्रीराम दरबार,डी.डी.एम.स्कूल रोड, मंदिर में रखी गयी। इस बैठक में वर्ष 2025-27 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से संरक्षक जयसिंह अग्रवाल, के.एन.सिंह,श्रेष्ठ सिंह ठाकुर,श्रीकांत बुधिया को बनाया गया है। जयप्रकाश अग्रवाल पुन: अध्यक्ष चुने गए हैं। साथ ही सचिव-रवि अग्रवाल,सह सचिव- विकास अग्रवाल(स्वामी विवेकानंद मार्ग), कोषाध्यक्ष- अशोक चावलानी,सह कोषाध्यक्ष- गोपाल अग्रवाल हैं।

अध्यक्ष को पूजा समिति की नवीन कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव को भव्य तरीके से मनाने के लिए तैयारियों पर आवश्यक चर्चा की गई।

सचिव- रवि अग्रवाल ने बताया कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजन का यह तीसरा वर्ष है। हर साल की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पंडाल आकर्षक ढंग से बनाया जाएगा। डांडिया-गरबा समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम शहरवासियों को आकर्षित करेंगे। इस बैठक में प्रमुख रूप से जयप्रकाश अग्रवाल, गुलशन अरोरा, अशोक चावलानी, गोपाल अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, शशि सिंघल,राजेंद्र गुप्ता, सरोज पांडे, राजकुमार अग्रवाल, रवि अग्रवाल, विकास अग्रवाल,सुदामा कलवानी, विनोद यादव एवं बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समिति के पूर्व सचिव गुलशन अरोरा द्वारा दी गई।

## शीघ्र शुरू होगा दर्री में नए पवार का काम

**कोरबा।** पॉवर प्लांट संचालन के लिए 140 पद किए गए सृजित कोरबा छत्तीसगढ़ राज्य बिजली उत्पादन कंपनी के कोरबा-पश्चिम में प्रस्तावित 1320 मेगावॉट के नए प्लांट का काम शुरू होने जा रहा है। इसके लिए चिन्हित जमीन पर पेड़ पौधों को काटकर साफ करने का काम जारी है। इस बीच प्रदेश सरकार ने नए पॉवर प्लांट को चलाने के लिए 140 नए पद स्वीकृत किए हैं। दो चरणों में यह पद सृजित किए जाएंगे। नए संयंत्र के लिए सहायक मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, वेतन अधिकारी, लेखापाल जैसे जरुरी पद शामिल हैं। कोरबा पश्चिम में 1320 मेगावाट के नए प्लांट की स्थापना की जानी है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से जरुरी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। बताया जा रहा हैं कि 16 अगस्त से नए प्लांट की स्थापना के लिए जमीन पर कार्य शुरू किया जाएगा। चिन्हित जमीन पर गड्ढें खोदकर नए प्लांट के लिए आधारशीला रखी जाएगी। वर्ष 2029 तक नए प्लांट को लाइटअप किया जाएगा। इसके बाद इसे उत्पादन में लाया जाएगा। नए संयंत्र के चालू होने के बाद ताप विद्युत संयंत्र से उत्पादित होने वाली बिजली की क्षमता 4160 मेगावॉट हो जाएगी। अभी ताप संयंत्रों से उत्पादित बिजली की क्षमता 2840 मेगावाट है। जनरेशन कंपनी की अभी ताप एवं जल से कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 2978 मेगावाट है। सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट की 660-660 मेगावॉट की दो इकाइयों का निर्माण भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (भेल) के सहयोग से किया जाना है। इसके लिए भेल के अधिकारी पहले से ही दर्री पहुंच चुके हैं।

## करोड़ो रूपए के केबल घोटाला मामले में बिजली विभाग के दो अधिकारी निलंबित

**कोरबा।** सीएसईबी मुख्यालय से आई टीम ने वितरण कंपनी में करोड़ों रुपये के एबीसी केबल घोटाले का खुलासा किया है। रायपुर की इस जांच टीम ने पाया कि ठेकेदारों ने बिजली अधिकारियों के साथ मिलकर घटिया गुणवत्ता के केबल लगाए, जिससे बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है। इस मामले में जांजगीर के कार्यपालन अभियंता एचके मंगेशकर और कोरबा के अभिमन्यु कश्यप को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, जांजगीर के सहायक अभियंता नरेश देवांगन का तबादला बलौदा कर दिया गया। बिलासपुर और मुंगेली में जांच जारी है, और अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है।पिछले दो दिनों के भीतर रायपुर से गठित चार कार्यपालन अभियंताओं की टीम ने बिलासपुर और मुंगेली में सघन जांच की। बिलासपुर के सेंदरी और मुंगेली के स्टोर में रखे केबल, कंडक्टर और ट्रांसफार्मर के डीपी चैनल की जांच की गई। सैंपल लेने के बाद दोनों स्टोर सील कर दिए गए। जांच में पाया गया कि ठेकेदारों ने आईएसआई मार्क और बीआईएस प्रमाणित केबल की शर्तों का उल्लंघन करते हुए घटिया और स्थानीय ब्रांड के केबल इस्तेमाल किए। इन केबलों का इंसुलेशन जल्दी पिघल रहा है, जिससे बारिश में फाल्ट और स्पार्किंग की घटनाएं बढ़ गई हैं।घटिया केबल आपूर्ति के लिए ठेकेदारों पर भी सख्ती शुरू हो गई है। दिल्ली की एथटी इलेक्ट्रिकल्स और जांजगीर के भुवनेश्वर साहू को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। जानकारी मिली है कि कंपनी मुख्यालय ने इन ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुणे की एसटी इलेक्ट्रिकल्स पर धीमे और खराब काम के लिए 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। जांच में यह भी सामने आया कि कई जगहों पर केबल लगाए बिना ही ठेकेदारों को पूरा भुगतान कर दिया गया।

जांच टीमें अब भी बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा और जांजगीर में सक्रिय हैं। बिलासपुर में 66.72 करोड़, कोरबा में 77 करोड़ और मुंगेली-पेंड्रा में 25.37 करोड़ रुपये की लागत से लगाए गए केबल की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। सेंदरी (बिलासपुर) और मुंगेली के स्टोरों में सामान की सैंपलिंग के बाद सीलिंग की गई। जांच में शामिल अधिकारियों में बिलासपुर के एमएम चंद्राकर, पीके सिंह, धर्मेंद्र भारती और नवीन राठी थे। मालूम हो कि यह घोटाला पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत चल रहे काम में आया है। यह केंद्र और राज्य सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य बिजली वितरण कंपनियों की कार्यक्षमता और वित्तीय स्थिरता को बेहतर करना है। छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत बिजली चोरी रोकने, हानि कम करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए स्मार्ट मीटरिंग और केबल उन्नयन जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

## विवेक पाण्डेय को फिर मिली जिम्मेदारी

**कोरबा।** दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति कोसाबाड़ी फेस - 1 की सामान्य बैठक कोसाबाड़ी दशहरा मैदान स्थित पूजा कार्यालय में रखी गयी । इस बैठक में वर्ष 2024 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया एवं वर्ष 2025 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।सर्वसम्मति से विवेक पांडेय पुन: अध्यक्ष चुने गए हैं । साथ ही उन्हें पूजा समिति की नवीन कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इसके अलावा इस बैठक में वर्ष 2025 में दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव को भव्य तरीके से मनाने के लिए आवश्यक चर्चा की गई। बता दें कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति कोसाबाड़ी फेस वन शहर की सबसे बड़ी पूजा समिति है । हर साल की तरह इस बार भी दुर्गा पंडाल आकर्षक ढंग से बनाया जाएगा । डांडिया गरबा समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम शहरवासियों को आकर्षित करेंगे ।इस बैठक में समिति के संरक्षक अशोक तिवारी, सीएस ठाकुर, विवेक पांडेय, रामनरेश दुबे, केएम बाबू, रामकुमार साहू, गोरे लाल राठौर, रूपेश शर्मा, अंकित तिवारी, अमित पटेल, पवन सिन्हा समेत बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## दास को मिलेगा सम्मान

**कोरबा।** मानिकपुर खुली खदान, कोरबा क्षेत्र में ओवरमैन के पद पर कार्यरत सुब्रत कुमार दाश इस वर्ष लगातार दूसरी बार सम्मानित होने जा रहे हैं। उन्हें 6 अगस्त को दिल्ली के शास्त्री भवन में आयोजित टॉप 20 आईगॉट कर्मयोगी कार्यक्रम समारोह में कोयला मंत्री पुरस्कृत करेंगे।

## कुसमुंडा में आयोजित बैठक में कांग्रेसजनों ने संगठन को और भी मजबूत बनाने रणनीति बनायी

**कोरबा ।** कुसमुण्डा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतर्गत सर्वमंगला मंडल कांग्रेस एवं भैरोंताल मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक मंडल क्षेत्र में आयोजित की गई । बैठक में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे । वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, ब्लॉक प्रभारी, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, प्रभारी सहायक पालूराम साहू, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा, पूव ब्लॉक अध्यक्ष सनीष कुमार, पूर्व एल्डरमेन परमानंद सिंह, अश्वनी पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे ।



बैठक में कुसमुण्डा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले दो मंडल, 6 वार्ड एवं सभी बूथों पर कार्यकारिणी गठन किये जाने के लिए कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया गया तथा संगठन को और भी मजबूत बनाने के लिए रणनीति बनाई गई । इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि मंडल कमेटी, वार्ड कमेटी, बूथ कमेटी के नवीन गठन में किसी भी तरह की लापरवाही ना हो। जो कार्यकर्ता स्वयं आगे आकर संगठन में काम करने की इच्छा व्यक्त करे उन्हें प्राथमिकता दें तथा जो अनुभवी एवं लंबे समय से कांग्रेस संगठन के लिए कार्य करते आ रहे हैं उनसे सुझाव एवं सलाह अवश्य लें । श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि शीघ्र ही जिला कांग्रेस कमेटी का गठन किया जावेगा और आगे चलकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का भी पुन: गठन किया जावेगा । श्री अग्रवाल ने बताया कि जिला कमेटी, ब्लॉक कमेटी, वार्ड कमेटी, बूथ कमेटी के अलावा युवा कांग्रेस के जिला कमेटी, ब्लॉक कमेटी तथा महिला कांग्रेस के जिला कमेटी, ब्लॉक कमेटी तथा कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला कमेटी एवं ब्लॉक कमेटी मिलाकर 10 कमेटियां बनना है । इसलिए हर एक कार्यकर्ता को किसी न किसी कमेटी में स्थान मिलेगा जिससे कोरबा में कांग्रेस संगठन में और भी मजबूती आएगी । इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि सभी कमेटी के कार्यकर्ता आपस में तालमेल मिलाकर संगठन में काम करेंगे । हर एक कार्यकर्ता को मान सम्मान मिलेगा और जरूरत पड़ने पर जनहित के लिए सड़क की लड़ाई लड़ने हर हमेशा तैयार रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा ने अपने उद्बोधन में इमलीछापर में एसईसीएल प्रबंधन द्वारा भरे बरसात में मकान तोड़े जाने की घटना पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि आज जयसिंह भैय्या, विधायक होते तो कोरबा शहर में तोड़ फोड़ नहीं होता । ब्लॉक प्रभारी नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय बनाकर मंडल कमेटी का गठन करें । उसके बाद वार्ड/सेक्टर कमेटी का गठन फिर बूथ कमेटी का गठन करें ।

इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, सुरती कुलदीप, लाखा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, अंजलीना कुजुर, अनिता महंत, चित्रलेखा, भानू, संजय, ललित, संतोष यादव, मगतू राम, अमित शर्मा, टप्पू केंवट, कुलदीप चंद्रा, रचना राजवाड़े, राजू यादव, ललित यादव, संध्या पटेल, उमेंदी राम, राम लाल, संतोष प्रजापति, प्रशांत साहू, राजकुमारी केंवट, आस्था ठाकुर, सावित्री विश्वकर्मा, शालिनी गबेल, हरा बाई, मालती गभेल आदि बैठक में उपस्थित थे ।

## रजगामार क्षेत्र स्थित 2 भूतिगत खदानों की हुई नीलामी प्रक्रिया पूरी

### नीलामी में देखी गयी कड़ी प्रतिस्पर्धा

### औसतन 26.70 प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी हुई हासिल

**कोरबा ।** कोयला मंत्रालय ने 27 मार्च को वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला ब्लॉक नीलामी के 12वें दौर की शुरुवात हुई। 28 जुलाई से 31 जुलाई, 2025 तक आयोजित अग्रिम नीलामी अंतर्गत कुल 7 कोयला ब्लॉकों की नीलामी की गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के तीन कोल ब्लॉक सम्मिलित हैं।जानकारी देते हुए बताया जा रहा हैं की सात ब्लॉकों में लगभग 1,761.49 मिलियन टन का संयुक्त भूवैज्ञानिक भंडार है। इन ब्लॉकों की संचयी अधिकतम निर्धारित क्षमता 5.25 है।कोयला मंत्रालय ने कहा कि नीलामी में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई और औसतन 26.70 प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी हासिल हुआ। इन ब्लॉकों से लगभग 719.90 करोड़ रुपए का वार्षिक राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है, लगभग 787.50 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश आकर्षित होने और 7,098 रोजगार के अवसर सृजित होने की आशा है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के तीन कोल ब्लॉक में दो कोरबा एवं एक रायगढ़ जिले में स्थित है। कोरबा जिले के रजगामार डिपसाइड देवनारा एवं रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह भूमिगत कोयला खदान के लिए 8 कंपनियों से 14 बोलियां मिली थीं। रजगामार डिपसाइड देवनारा खदान को टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड ने हासिल किया है। रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह माइंस मिवान स्टील्स लिमिटेड के हाथ लगी है। बताया जा रहा हैं की रजगामार डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन (रूझ) कोल रिजर्व है। पूर्व में इस खदान को एपीआई इस्पात एंड पॉवरटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा सीजी स्पंज मैन्यूफैक्चर्स कंसोर्टियम कोलफील्ड्स लिमिटेड को आबंटित किया गया था। इसी तरह रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह नाला में 61.697 मिलियन टन कोयला भंडार उपलब्ध है। इस कोल ब्लॉक क्षेत्र में 89 फीसदी जंगल है। पूर्व में मोनेट इस्पात एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एवं टॉपवर्थ स्टील प्राइवेट लिमिटेड को आबंटित किया गया था। दोनों खदानों की आबंटित कंपनियों के कोयला घोटाले में नाम आने के बाद आबंटन निरस्त कर दिया गया था।

### एनकेएच में उपचार की सुविधा

कोरबा। कोरबा हॉस्पिटल का कार्डियोलॉजी विभाग कोरबा जिले में हृदय रोगियों के लिए आशा की नई किरण बनकर उभरा है। अस्पताल में अब तक 120 से अधिक सफल एंजियोप्लास्टी और 300 से अधिक एंजियोग्राफी की प्रक्रियाएं की जा चुकी हैं। लगभग 1000 से ज्यादा मरीज हृदय रोग से संबंधी जांच भी करा चुके हैं। एनकेएच में स्थापित

## जिले में नकली दवाई खपाने की योजना विफल,खेप वापस

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक बड़ी चूक को समय रहते पकड़ते हुए 6500 दोषपूर्ण टैबलेट्स की खेप को स्टॉक में शामिल होने से पहले ही रोक दिया। यह खेप कोरबा स्थित वेयरहाउस में 29 जुलाई को पहुंची थी।जानकारी के अनुसार, मेसर्स हेल्थी लाइफ फॉर्मा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आपूर्ति की गई कैल्शियम (एलिमेंटल) विद विटामिन ष्ठ3 टैबलेट्स (500 एमजी) के 65 बॉक्स (कुल 6500 यूनिट) वेयरहाउस में भेजे गए थे। प्रारंभिक निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों ने पाया कि टैबलेट्स खोलते ही टूट रही थीं, जो गंभीर गुणवत्ता दोष माना गया।मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकताकी जीरो टॉलरेंस ऑन क्वॉलिटी नीति के तहत दवा को तत्काल स्टॉक से बाहर रखा गया और मुख्यालय को इसकी सूचना दी गई। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को दी जाने वाली इस दवा की गुणवत्ता में कमी, मरीजों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती थी।सप्लायर को वापस लेने का निर्देशष्टत्नस्र्ष्ट ने सप्लायर कंपनी को निर्देश दिया है कि दोषपूर्ण बैच को तुरंत वापस लिया जाए और उसकी जगह नई और प्रमाणित खेप भेजी जाए। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया गया कि कोई भी दवा तभी स्टॉक में ली जाती है जब वह एनएबीएल प्रमाणित प्रयोगशाला में परीक्षण के बाद पास होती है।

स्वास्थ्य मंत्री की चेतावनी

हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ष्टत्नस्र्ष्ट की समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा था कि दवा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। आम जनता की सेहत सर्वोपरि है, और हर खेप की जांच सख्ती से की जाएगी।

## मनाया जा रहा है विश्व स्तनपान सप्ताह

### शिशु के लिए स्तनपान मौलिक अधिकार

**कोरबा।** .बच्चे और माताओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने प्रतिवर्ष की भॉति जिले में 01 अगस्त से 07 अगस्त 2025 तक स्तनपान में निवेश , भविष्य में निवेश थीम के साथ मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य शिशुओं के स्वास्थ्य और विकास के लिए स्तनपान के महत्व को समुदाय तक पहॅुचाना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह के आयोजन हेतु समस्त विकासखण्डो को विस्तृत दिशा निर्देश पूर्व में जारी कर दिया गया है। समस्त विकासखण्डों में स्तनपान के संबंध में डिलिवरी प्वाईट, शिशु वार्ड, पोषण पुनर्वास केन्द्रो, समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों, में पदस्थ सीएचओ, एएनएम के माध्यम से प्रसव के तुरंत एक घंटे के अंदर नवजात को स्तनपान सुनिश्चित करने के लिए तथा 6 माह तक शिशुओं को केवल स्तनपान कराने के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा हे। इसके साथ ही समुदाय स्तर पर तथा व्हीएचएनडी सत्र में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ऑगनबाड़ी कार्यकताओं तथा मितानिनों के द्वारा बैठक लेकर स्तनपान के लाभ तथा कुपोषण से बचाव एवं रोकथाम के लिए 06 माह तक केवल मॉं का दूध तथा 06 माह के उपरांत संपूरक आहार देने के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होने बताया कि मॉं का दूध शिशु के पोषण का एक महत्तवपूर्ण स्त्रोत है जो उसे आवश्यक पोषक तत्व और एंटीबॉडी प्रदान करता है जो शिशु को डायरिया , निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है यह शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यन्त आवश्यक है नवजात को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू किया जाना आवश्यक है तथा शिशु को 06 माह तक केवल स्तनपान कराया जावे क्योकि

## महाप्रबंधक कार्यालय में घुसकर प्रदर्शन करने पर पलिस ने किया एफआईआर

**कोरबा ।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया की अनुसांगिक कंपनी एसईसीएल बिलासपुर के अधीन कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना गेवरा, कुसमुंडा और दीपका में खदान से प्रभावित लोगों का विरोध बढ़ता जा रहा है। उनके द्वारा लगातार आंदोलन भी किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में कुसमुंडा के महाप्रबंधक कार्यालय में घुसकर 25 से 30 महिलाओं ने फिर से बसाहट और रोजगार की मांग को लेकर हंगामा किया। कई घंटे तक महिलाएं महाप्रबंधक कार्यालय के भीतर बैठीं रहीं। स्थानीय प्रबंधन और पुलिस की घंटों चली समझाइश के बाद महिलाएं कार्यालय से निकलकर बाहर गई।

इधर एसईसीएल के सुरक्षा विभाग ने कार्यालय में घुसकर हंगामा करने वाली महिलाओं पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए कुसमुंडा थाना में केस दर्ज कराया है। इसमें बताया कि बुधवार कुसमुंडा क्षेत्र के आसपास रहने वाली 25-30 महिलाएं अनाधिकृत रूप से महाप्रबंधक कार्यालय के अंदर घुस गई। कार्यालय के द्वार पर बैठ गईं। इससे कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों अपने कार्यस्थल पर आने जाने में परेशानी हुई। उन्होंने बैठने का कारण पूछने पर भूमि के बदले रोजगार की मांग बताया। प्रबंधन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इसके पहले भी महिलाओं ने कार्यालय में महिलाओं ने प्रदर्शन किया था।

## विधायक पटेल ने निरीक्षण कर जिम्मेदारों को दी कड़ी चेतावनी

### रेलवे प्रबंधन की लापरवाही से ग्रामीण बेहाल

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा विकासखंड अंतर्गत दीपका-पेंड्रा रेल मार्ग पर रेलवे प्रबंधन की लापरवाही ने ग्रामीणों की जिंदगी को मुश्किल में डाल दिया है। वर्षों से चल रहे अंडरब्रिज निर्माण कार्य में सही योजना और पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण अब यह काम ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन चुका है। मुढ़ाली, कोलिहामुड़ा, जवाली, फुलझर, देवगांव, झाबर, दीपका, नेहरू नगर, डोंगरी, तिलवारी, बसंतपुर सहित लगभग 10 ग्रामो के सैकड़ों लोग अंतर्गत छात्र, महिलाएं, किसान, दुकानदार और कर्मचारी शामिल हैं। जो इन दिनों ओवरब्रिज के नीचे जमा कीचड़ व घुटने भर पानी से गुजरने को मजबूर हैं। बड़े वाहनों को 10-15 किलोमीटर लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ रहा है। मोटरसाइकिल और पैदल चलने वाले लोग कीचड़ में धंसकर जान जोखिम में डाल रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप लगाते हुए कहना है कि 6 जुलाई से हो रही लगातार बारिश के बाद इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। इस गंभीर स्थिति की जानकारी सरपंचों और ग्रामीणों ने रेलवे प्रबंधन के मुंशी और इंजीनियर को कई बार दी, लेकिन दोनों अधिकारियों ने इसे टाल दिया। स्थानीय भाजपा नेता ईश्वर प्रसाद बघेल के प्रयास पर कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचंद पटेल स्वयं सरपंचों और ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण कर रेलवे प्रबंधन को कड़ी चेतावनी दी। विधायक ने साफ कहा कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक रेलवे अपना निर्माण कार्य बंद रखे। बावजूद इसके, रेलवे प्रबंधन ने ग्रामीणों की परेशानी को नजरअंदाज कर फिर से काम शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि लगता है रेलवे के जिम्मेदार अधिकारी मान बैठे हैं कि गांव के लोग अनजान और कमजोर हैं, इसलिए उनकी समस्याओं को दबाया जा सकता है। अब ग्रामीणों ने तय कर लिया है कि अगर तुरंत उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अंडरब्रिज के इस प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते समय विधायक प्रेमचंद पटेल, सरपंचगण और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## झेरिया यादव समाज के फलेश बने मोदी विचार मंच के अध्यक्ष

**मालखरौदा।** झेरिया यादव समाज के वरिष्ठ समाजसेवी फलेश कुमार यादव को नरेंद्र मोदी विचार मंच सक्ती जिले के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे ग्राम केसला सकरेली (बा) के निवासी हैं। नियुक्ति पत्र मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य और प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे की अनुशंसा पर कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से सौंपा। फलेश ने कहा वे झेरिया यादव समाज के आर्थिक विकास के लिए लगातार काम करते रहे हैं।

अब उन्हें नरेंद्र मोदी विचार मंच के जिला अध्यक्ष का दायित्व मिला है। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और कार्यों को पूरी निष्ठा से अपने क्षेत्र में प्रचारित और प्रसारित करेंगे। उनकी नियुक्ति पर झेरिया यादव समाज जिला सक्ती के जिला अध्यक्ष दिवाकर यादव, जिला संरक्षक हरिप्रसाद यादव, प्रदेश प्रवक्ता एमआर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष पारस यादव, प्रदेश महामंत्री सहनीराम यादव, प्रदेश संदेश वाहक सुकलाल यादव, जिला उपाध्यक्ष सरेश कुमार यादव, जिला सचिव राजेंद्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष यादव, जिला महामंत्री रमेश कुमार यादव, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार यादव व महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुशीला यादव, उपाध्यक्ष सीमा यादव, जिला मीडिया प्रभारी घसियाराम यादव, जिला संगठन सह सचिव साधराम यादव, संगठन मंत्री डॉ. शिवलाल यादव, तहसील अध्यक्ष शक्ति-बाराद्वार मत्तूलाल यादव, मालखरौदा के कृष्णा यादव, सिंघरा के प्यारे लाल यादव, छपोरा के जवाहर यादव, डभरा कोटमी के घनश्याम यादव, भोथिया के रामलाल यादव ने खुशी जताई।

## महुआ शराब के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

**पामगढ़।** अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रेड कार्रवाई की। आरोपी धीरज रात्रे खैयापारा पामगढ़ के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

## बोल बम कांवर यात्रा कल निकाली जाएगी

**जांजगीर।** ग्राम महंत स्थित सिद्ध शक्ति पीठ चण्डी दाई धाम में सावन के चौथे सोमवार पर 4 अगस्त को बोल बम कांवर यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा सुबह 6 बजे शुरू होगी। इसमें अंचल के महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु शामिल होंगे। शिवलिंग की झांकी के साथ भजन-कीर्तन करते हुए श्रद्धालु चण्डी दाई मंदिर से मधुसागर तालाब और बावा तालाब जल भरने जाएंगे। वहां से जल लेकर ग्राम भ्रमण करते हुए वापस चण्डी दाई मंदिर लौटेंगे। मंदिर परिसर में भगवान भोले भंडारी चंद्रशेखर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। इस मौके पर श्रद्धालुओं को खीर-पूरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। यात्रा के लिए ग्राम महंतवासियों ने विशेष तैयारी की है। अंचलवासियों से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया गया है।



# सुरक्षा का जिम्मा ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सौंपा पुलिस ने

**जांजगीर।** थाना शिवरीनारायण पुलिस ने ग्राम राहौद में ग्राम सुरक्षा समिति और महिला कमांडो टीम का गठन किया। यह कार्य पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में किया गया। मौके पर एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में पुलिस टीम पहुंची।

महिला कमांडो को पहचान पत्र, टोपी और सीटी दी गई है। टीम को गांव की सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। समिति का काम गांव में बाहरी लोगों की आवाजाही की सूचना देना है। अवैध कारोबार में शामिल लोगों की जानकारी देना भी जिम्मेदारी में शामिल है। किसी बड़ी समस्या की सूचना थाना या चौकी को देना होगा। अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा से जुड़ी जानकारी भी पुलिस को देना होगा। साइबर अपराध, ट्रैफिक और नशामुक्ति जैसे विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक करना भी समिति का



कार्य रहेगा। घुमंतू मवेशियों से हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए समिति को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। मवेशियों को सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना होगा। उन्हें पकड़कर मालिकों की पहचान कर आश्रय स्थलों में रखना होगा। रात में दुर्घटना से बचाव के लिए मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाने की व्यवस्था भी की जाएगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा कश्यप, उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल, सभापति संतोष यादव, सभापति अमित अनंत भवानी, चंदेल सुनील गुप्ता, नरसिंह गोड़, श्रवण अग्रवाल, शिव धन केंवट व विमल मनहर के नाम शामिल है।

## कई प्रजाति के पौधे लगाने के साथ संरक्षण का लिया संकल्प

**अकलतरा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक भी किया गया।



नगर की सामाजिक संस्था यूथ इंडिया क्लब के 10 वें स्थापना दिवस के अवसर पर डॉ. इंद्रजीत सिंह शासकीय महाविद्यालय में एक पेड़ मां के अभियान के तहत पौधरोपण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनेंद्र मेहता, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपेंद्र वर्मा, यूथ इंडिया क्लब के अध्यक्ष मन्नू थवाईत और कॉलेज स्टाफ द्वारा नीम, पारसपीपल, अमरूद, छीताफल, नींबू, पपीता, आम, गुलमोहर, आंवला, जामुन का पौधा लगाने के साथ पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ पर्यावरण की सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर डॉ. यूएन कुर्रे, यूथ इंडिया क्लब के उपाध्यक्ष राजा बाबू पाण्डेय, हरिशंकर कंवर, मनोज साहू, दीपक साहू, सुगीत पांडेय, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## शबरी धाम कॉलोनी में मना तीज महोत्सव, मोनिका सावन सुंदरी

**शिवरीनारायण।** नगर के केरा रोड स्थित शबरी धाम कॉलोनी में सावन तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीज महोत्सव में महिलाएं हरे रंग की परिधानों में शामिल हुई। कार्यक्रम में विभिन्न गेम खेले गए। साथ ही सावन सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मोनिका साहू सावन सुंदरी बनीं। कार्यक्रम में रेनु पाण्डेय, सोनाली मिश्रा, वंदना शर्मा, मंजू शर्मा, मोनिका साहू, स्मृति साहू, ममता साहू, नीतू चंदेल, प्रीति अग्रवाल, कांता अग्रवाल, कौशल्या साहू सहित अन्य महिलाएं शामिल थीं।



## प्राथमिक स्कूल की जर्जर छत से आये दिन नीचे गिर रहे अवशेष के कारण बना हुआ है खतरा, डर के साए में पढ़ाई





**जांजगीर-चांपा।** जिले के शिवरीनारायण नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। स्कूल की छत से अचानक सीमेंट के टुकड़े गिरते हैं और छत में लगे सरिए भी दिखाई दे रहे हैं।

इस प्राथमिक स्कूल में पहली से पांचवीं तक कुल पांच कक्षाएं संचालित होती हैं। लेकिन पूरे स्कूल में केवल दो कमरे ही उपयोग के लायक हैं। इन्हीं दो कमरों में सभी पांच कक्षाओं के विद्यार्थियों को पढ़ना पड़ता है। बच्चों को न तो बैठने के लिए पर्याप्त जगह मिलती है और न ही अच्छा शैक्षणिक माहौल।

**स्कूल के कमरों की छतें टूटी**

स्कूल के अन्य कमरों की छतें टूट चुकी हैं। दीवारों से लोहे की छड़ें बाहर निकल आई हैं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बारिश के दिनों में दीवारों से पानी रिसता है, जिससे बच्चों का पढ़ना और भी मुश्किल हो जाता है। बारिश के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है।

वार्ड के निवासियों और अभिभावकों में इस स्थिति को लेकर आक्रोश है। उन्हें अपने बच्चों की सुरक्षा की चिंता सता रही है। अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डरते हैं। हर दिन उन्हें चिंता रहती है कि कहीं कोई हादसा न हो जाए।

**शिक्षा विभाग से कर चुके हैं शिकायत**

स्कूल की प्रधान पाठिका विद्या साहू ने बताया कि इस समस्या के बारे में वे कई बार शिक्षा विभाग और उच्च अधिकारियों से शिकायत कर चुकी हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कोई भी अधिकारी इस स्कूल की ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

शिक्षकों और शिक्षिकाओं की मांग है कि जल्द से जल्द नया भवन बनाया जाए या स्कूल को किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। इससे वे छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकेंगे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 5 साल पूरे होने पर कराया कार्यक्रम



**जांजगीर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूरे होने पर डाइट जांजगीर में 29 से 31 जुलाई तक तीन दिवसीय कार्यक्रम हुआ। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देश पर यह आयोजन किया गया। पहले दिन शिक्षा में मातृभाषा की भूमिका और एनईपी से जुड़ी ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी रखी गई। दूसरे दिन 21वीं सदी की कौशल आधारित शिक्षा पर चर्चा हुई। तीसरे दिन नीति से कक्षा तक विषय पर शिक्षक की भूमिका, चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर कार्यक्रम हुआ। इसमें द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य बीपी साहू, उप प्राचार्य एलके पाण्डेय, एमआर चन्द्रा और सभी अकादमिक सदस्यों ने एनईपी 2020 के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। संचालन जिला नोडल व्याख्याता संजय कुमार शर्मा ने किया।

## पति की क्रूरता से परेशान होकर पति ने नदी में लगाई छलांग, बचाया मछुवारों ने

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शनिवार को एक महिला ने आत्महत्या करने की कोशिश की। पति की मारपीट ने तंग आकर गेमन पुल से हसेदव नदी में छलांग लगा दी। हालांकि, उसे बचा लिया गया। यह मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, लक्ष्मी सूर्यवंशी (37) नवागढ़ थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पति धनेश्वर सूर्यवंशी उससे मारपीट करता था। जिससे तंग आकर वह सुबह करीब 11:30 हसदेव नदी के ऊपर बने गेमन पुल पर पहुंची और सुसाइड के इरादे से नदी में कूद गई।

**मछुआरों ने महिला को बचाया**

गनीमत रही कि वहां मछली पकड़ने आए मछुआरों ने महिला को देखा और तुरंत पानी से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को इलाज के लिए बीडीएम अस्पताल में भर्ती कराया।

**पुलिस की दी गई जानकारी**

पूछताछ में महिला ने बताया कि पति के मारपीट और गाली-गलौज करता है। जिससे परेशान होकर आत्मघाती कदम उठाना बताया। वहीं चांपा थाना



प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता का कहना है कि महिला हरदी अमोदा की रहने वाली है। वह घर से पैदल चलकर गेमन पुल तक पहुंची थी।

घटना की जानकारी नवागढ़ पुलिस को भी दी गई है। महिला को परिजनों के आने के बाद चांपा थाने से नवागढ़ थाने को सौंप दिया जाएगा। आगे की कार्रवाई नवागढ़ थाना करेगा। फिलहाल, महिला का बीडीएम अस्पताल में इलाज जारी है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी पर हुई चर्चा

**बलौदा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर सर्व यादव समाज की बैठक शुक्रवार को यादव भवन बलौदा में हुई। बैठक का नेतृत्व ब्लॉक संयोजक मनोज कुमार यादव ने किया। इसमें सर्व यादव समाज द्वारा मनोनीत आयोजन समिति के अध्यक्ष योगेंद्र यादव सहित सभी यादव बंधु शामिल हुए। सभी ने पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने का संकल्प लिया। समाज के सभी वर्गों का सहयोग भी मिला।

बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष योगेंद्र यादव, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, हरिशंकर यादव और शत्रुहन लाल यादव मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम को पूरी तरह संचालित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया। समाज के संरक्षक और यादव मोहल्ले के सभी सदस्य भी बैठक में शामिल हुए।

## 11लाख की लूट की रिपोर्ट लिखाने वाले ने रखी थी रकम

**जांजगीर-चांपा।** जिले में कथित लूट की वारदात फर्जी निकली। इस मामले में शिकायतकर्ता ही आरोपी निकला, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक कर्ज में डूबे होने के कारण झूठी साजिश रची थी। यह मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, 1 अगस्त को चोरिया का रहने वाला गिरिश देवांगन (25) 11.79 लाख और लेपटॉप लेकर निकला था। वह हार्डवेयर व्यापारी किरीत डगसेना के यहां काम करता था। व्यापारी ने पैसे देकर उसे चांपा के यूनियन बैंक में जमा करने भेजा था।इस दौरान पूछेली गांव के पास तीन अज्ञात युवकों ने मारपीट कर पैसे और लैपटॉप लूट लिया था। इसके बाद उसने थाने पहुंचकर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई। पूछताछ करने पर वह गुमराह करने की कोशिश करता रहा, जब पुलिस ने सख्ती से पूछा, तो उसने सारी सच्चाई बताई।आरोपी ने बताया कि उस पर करीब 8 लाख रुपए का कर्ज था। जिसके कारण उसने लूट की झूठी साजिश रची थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी के घर से लूट की रकम और लेपटॉप बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ 217, 316(2) BNS के तहत केस दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 1 बजे की यह घटना थी, लेकिन उसने 4 बजे थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। जब पूछताछ की गई, तो उसने जुर्म कबूल किया। लूट की रकम, लेपटॉप और बाइक बरामद कर लगी गई। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

*__बलौदा।__ बिलासपुर कोरबा मुख्य मार्ग में बने बड़े-बड़े गड्ढों में वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। प्रशासन व पीडब्ल्यूडी द्वारा ध्यान नहीं देने पर खुद नागरिकों ने कोरबा रोड में एक स्थान पर सड़क में हुए लगभग ढाई तीन फीट गहरे गड्ढे पर लकड़ी का स्टैंड रख दिया ताकि कोई उसमें गिरे नहीं। कोरबा रोड में घासीदास चौक से लेकर सब्जी मार्केट तक सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से लोगों को गड्ढों का अंदाज नहीं लग पाता था।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा ( छत्तीसगढ़ )**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./निर्माण/2025 दिनांक 30.07.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 09 (पूर्व वार्ड क्र.08)इमलीडुग्गु अशोक घर से पुजा पाण्डेय घर तक बाई पास रोड, नागेश ठाकुर घर से आंगनबाड़ी एवं रेल्वे स्टेशन मोहल्ला टीका घर से आंगनबाड़ी तक ओ.पी.व्ही.सी. पाईप लाईन बिछाने का कार्य। (अधोसंरचना मद)(प्रथम निविदा) | 18.61 | 25.08.2025 (T.No.172917) |
| 2 | वार्ड 47 (पूर्व वार्ड क्र 42 अंतर्गत पालिटेक्निक कॉलेज बस्ती में ओ.पी.व्ही.सी.पाईप लाईन बिछाने का कार्य। (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा) | 16.48 | 25.08.2025 (T.No.172919) |
| 3 | वार्ड 39 (पूर्व वार्ड क्र 35 अंतर्गत रिंग रोड से रोहित घर तक एवं रिंकी मेडम घर से विमल साहू घर तक ओ.पी.व्ही.सी.पाईप लाईन बिछाने का कार्य। (अधोसंरचना मद)(प्रथम निविदा) | 41.66 | 25.08.2025 (T.No.172964) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा ( छत्तीसगढ़ )



**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मेरे नाम के दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरा नाम हरिश अग्रवाल (HARISH AGRAWAL) दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम हरिश कुमार अग्रवाल (HARISH KUMAR AGRAWAL) है। मैं भविष्य में सभी दस्तावेजों में अपना नाम हरिश कुमार अग्रवाल (HARISH KUMAR AGRAWAL) ही प्रयोग करूंगा एवं मुझे इसी नाम से जाना जावे।

यह सूचना आम जनमानस व संबंधित विभाग को ध्यानार्थ दी जाती है।

दिनांक 30/07/2025

**हरिश कुमार अग्रवाल**
**टी.पी.नगर कोरबा**



**// शपथ पत्र //**

मैं, जय कुमार उम्र 46 वर्ष, पिता स्व. परदेशी लहरे, निवासी आईटीआई रामपुर कोरबा, तह. व जिला कोरबा (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नानुसार कथन शपथपूर्वक करता हूँ :-

यह कि, मेरी पुत्री अनुष्का लहरे D.A.V. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा जिला कोरबा में कक्षा 09वीं की नियमित छात्रा है।

यह कि मेरी पुत्री के शाला अभिलेख में उसका नाम अनुष्का लहरे पिता जय कुमार लहरे एवं माता का नाम श्रीमती राजकुमारी दर्ज चला आ रहा है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम अनुष्का जय सिंह (ANUSHKA JAY SHINGH) एवं पिता का नाम जय कुमार (JAY KUMAR) एवं माता का नाम राजकुमारी (RAJ KUMARI) है जिसे मेरी पुत्री के समस्त शाला अभिलेखों में दर्ज करवाना चाहता हूँ।

यह कि मेरी पुत्री को अनुष्का जय सिंह (ANUSHKA JAY SHINGH) एवं पिता का नाम जय कुमार (JAY KUMAR) एवं माता का नाम राजकुमारी (RAJ KUMARI) दर्ज कर लिखा पढ़ा जावे।

यह कि, यह शपथ पत्र मुझे अपने उपरोक्त कथनों के संबंध में संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
**जय कुमार**
आईटीआई रामपुर, कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)
सील


# लोगों ने भगवान श्रीराम की महिमा को जाना

**शिवरीनारायण।** धर्म एवं आध्यात्म की पावन धरा, शिवरीनारायण मठ में गोस्वामी तुलसीदास महाराज की जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर दूर-दूर के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों से आए मानस के वक्ताओं ने गोस्वामी तुलसीदास महाराज और श्री रामचरितमानस की कथा सुनाई। यह कार्यक्रम महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज, कसडोल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अरुण मिश्रा एवं आयोजक निरंजन लाल अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर श्रोताओं को संबोधित करते हुए राजेश्री महंत महाराज ने कहा कि पंद्रह सौ चौवन विसे, कालिंदी के तीर। श्रावण शुक्ला सप्तमी तुलसी धरयौ सरीर।। अर्थात तुलसीदास जी महाराज का जन्म संवत् 1554 में यमुना जी के किनारे श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को हुआ था। पूर्व विधायक अरुण मिश्रा ने कहा कि धर्म न अर्थ न काम रुचि, गति न चहउं निरबान। जनम जनम रति राम पद, यह बरदान न आन।। मानस मर्मज्ञ दिनेश गोस्वामी ने कहा कि- अस्थि चर्ममय देह मम, तामें जैसी प्रीति। मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव ने भी लोगों को संबोधित किया और कहा कि साहित्य जगत में



तुलसीदास का अतुलनीय स्थान है, इसलिए साहित्यकारों ने लिखा है कि सूर सूर तुलसी शशि, उड़गन केशव दास। अब के कवि खद्योत सम, जहं-तहं करत प्रकाश।। श्रोताओं को मानस मर्मज्ञ राजेंद्र शर्मा, गंगाराम केवट, भगत राम साहू, गंगाराम पटेल, बिहारी लाल भारद्वाज, सीताराम डडसेना, केके शुक्ला सहित अनेक मानस वक्ताओं ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में इनका हुआ सम्मान इस अवसर पर जिला मुख्यालय जांजगीर एवं शिवरीनारायण नगर तथा आसपास के क्षेत्रों से आए हुए मानस वक्ताओं, श्रोताओं आदि को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में उपेंद्र तिवारी, पवन चतुर्वेदी, राजकुमार साहू, मनोज थवाईत, मुकेश बैस, प्रशांत सिंह, हेमंत पटेल, डायमंड शुक्ला, राजेश छत्री, कुणाल गुप्ता, विनोद केसरवानी, मुकेश तिवारी, सीताराम राठौर, दुर्गेश साहू, सुरेश साहू, संतोष अग्रवाल, मनमोहन सिंह कंवर, विजय भूषण सोनी, और देवांगन शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्तियार सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, पुरेंद्र सोनी सहित मठ मंदिर प्रशासन के अनेक अधिकारियों और कर्मचारियों ने सराहनीय योगदान दिया।

## अनमोल वचन......

अगर आप कीमत देखे बिना चीजे खरीदना चाहते हैं, तो आपको बिना घड़ी देखे काम करना होगा।

## एसआईआर पर उठते वैधानिक सवाल

*बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही निर्वाचन आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) करवा रहा है। उसका कहना है कि कानून व संविधान के तहत उसे यह अधिकार प्राप्त है कि नागरिकता से जुड़े दस्तावेज मांग सकता है ताकि नागरिकों को उचित मताधिकार मिल सके।*

*विपक्ष का आरोप है, आयोग इसकी आड़ में नागरिकता की जांच कर रहा है। वे इस पर कानूनी व वैधानिक सवाल भी उठा रहे हैं। आयोग ने शीर्ष अदालत को दिए 88 पन्नों के हलफनामे में इस प्रक्रिया के तहत किसी की नागरिकता इस आधार पर न समाप्त करने की बात है कि उसका नाम मतदाता सूची के बाहर हो गया। पहचान के सीमित उद्देश्य के लिए आधार, मतदाता-पत्र व राशन-कार्ड पर विचार करने की बात भी की है।*

*आयोग के आदेशानुसार आठ करोड़ मूल बिहारियों को मतदाता सूची में शामिल रहने के लिए 25 जुलाई तक गणना फॉर्म भर कर जमा करना है जिसकी सूची पहली अगस्त को जारी की जा सकती है। संविधान के अनुच्छेद 325 के अनुसार किसी भी शख्स को केवल धर्म, नस्ल, जाति या लिंग के आधार पर मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जा सकता। कानूनन देश का प्रत्येक नागरिक, जो 18 साल या उससे अधिक है, मतदाता के तौर पर पंजीकरण करा सकता है। इसमें सिर्फ गैर-नागरिक को नाम दर्ज कराने के अयोग्य ठहराया गया है। सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले में स्पष्ट कर चुका है कि मताधिकार केवल संवैधानिक अधिकार है, मौलिक अधिकार नहीं। मगर भारतीय नागरिक होने के बावजूद उसे शत्रे पूरी करनी होती है, और आवश्यक दस्तावेज देने होते हैं। आयोग की मंशा पर उंगली उठाने वालों का आरोप है कि गणना फार्म में मांगे गए दस्तावेज में आधार, मतदाता-पत्र व राशन-कार्ड का न शामिल होना संदेह उपजाता है।*

*चूंकि सरकार आधार को केवल पहचान-पत्र मान रही है, इसलिए यह संशय उठा है। यदि जल्द ही आयोग इसमें सुधार कर ले तो शायद इन आरोपों-प्रत्यारोपों से बचा जा सकता है। आयोग को अपनी छवि और स्वायत्तता का विशेष ख्याल रखना होगा। भारत लोकतांत्रिक देश ही नहीं है, दुनिया के समक्ष मताधिकार की ताकत की मिसाल भी पेश करता है। खास मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित करने की किसी राजनीतिक दल की साजिश का हिस्सा बनने से उसे न सिर्फ बचना होगा, बल्कि अपने पूर्ववर्तियों के नक्शे-कदम पर चल कर सख्त रवैया अपनाते हुए लोकतंत्र का रक्षा कवच बनने से भी हिचकिचाना नहीं चाहिए।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा। आज आप शुभ काम की शुरुआत करेंगे। छात्रों को अच्छे रिजल्ट के लिए अपनी मेहनत को जारी रखने की जरूरत है।

**वृष राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज लिया गया निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यवहार को सहज बनाकर रखें।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा। घरवालों के साथ पार्टी का विचार बनायेंगे, जिससे खुशी बढ़ेगी। किसी नए काम का नया अनुभव मिलेगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तों की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान- प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर किसी अनुभवी से विचार विमर्श करेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा। आज सरकारी सेवारत लोगों को ऑफिस संबंधी किसी बदलाव की सूचना मिल सकती हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज गुस्से की बजाय धैर्य से परिस्थितियों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जायेंगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बेवजह की उलझन दूर होगी और पेट संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आपका दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा, आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने का मन बनायेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

# देश की फिजां में अचानक रिटायरमेंट की चर्चा

//अजीत द्विवेदी//

**बड़े आश्चर्य की बात है कि अचानक देश की फिजां में रिटायरमेंट की चर्चा शुरू हो गई। जिधर सुनिए उधर रिटायरमेंट की बातें हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल 17 सितंबर को 75 साल के होने वाले हैं और उससे पहले रिटायरमेंट की चर्चा हो रही है, उसका महत्व व जरुरत समझाई जा रही है और रिटायरमेंट के बाद की योजनाओं की चर्चा हो रही है। क्या यह महज एक संयोग है या इन चर्चाओं की टाइमिंग का कुछ और इशारा है। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक ने 75 साल की उम्र में रिटायर होने की आवश्यकता बताई तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रिटायर होने के बाद की अपनी योजना बताई।**

उधर देश के जाने माने वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने 70 साल की उम्र में रिटायरमेंट की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि अब वे प्रैक्टिस नहीं करेंगे। इस बीच भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने याद दिलाया कि लालकृष्ण आडवाणी 90 साल की उम्र तक सांसद रहे थे। इस तरह उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी अगले कई बरसों राजनीतिक रूप से सक्रिय बने रहने का संकेत दिया।

इन बयानों और घटनाक्रमों पर विचार करने से पहले यह देखने की जरुरत है कि क्या सचमुच भाजपा में 75 साल की उम्र में रिटायर होने का कोई नियम है। अगर नहीं है तो क्यों प्रधानमंत्री मोदी के 75 साल का होने को इतना मुद्दा बनाया जा रहा है। ध्यान रहे 75 साल की उम्र में रिटायर किए जाने का कोई घोषित नियम नहीं है। हालांकि अघोषित रूप से इसे लागू किया गया है। भले हर बार 75 की उम्र पर नेताओं को रिटायर नहीं कराया गया हो लेकिन नेताओं को रिटायर कराने में उम्र एक पैमाना बना है। लालकृष्ण आडवाणी से लेकर मुरली मनोहर जोशी और शांता कुमार से लेकर सुमित्रा महाजन और बाबूलाल गौर तक अनेक मिसाल है, जब उम्र के आधार पर नेताओं को घर बैठा दिया गया।

हालांकि 75 साल से ज्यादा उम्र के अनेक नेताओं को भाजपा ने चुनाव लड़ाया है। सबसे ताजा मिसाल झारखंड में रामचंद्र चंद्रवंशी की है, जिनको भाजपा ने पिछले साल 79 साल की उम्र में विश्रामपुर विधानसभा सीट से टिकट दिया था। ऐसी मिसाल हर राज्य में है। अब सवाल है कि जब उम्र की सीमा आधिकारिक रूप से तय नहीं की गई है फिर नरेंद्र मोदी के 75 साल की उम्र में रिटायर होने के कयास क्यों लगाए जा रहे हैं और क्यों इस तरह की बातें हो रही हैं, जिनसे उनके ऊपर दबाव बने। इसका जवाब पिछले साल के लोकसभा चुनाव के नतीजों में देखा जा रहा है। पिछले साल लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरी भाजपा चार सौ सीट के लिए लड़ रही थी। लेकिन भाजपा को 240 सीटें मिलीं। 2019 के मुकाबले उसको 63 सीटों का नुकसान हुआ। उसके बाद मोदी और उनकी टीम बैकफुट पर आई। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू सहित अन्य घटक दलों के समर्थन से सरकार बनी। हालांकि उसके बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में चुनावी जीत से प्रधानमंत्री का कांफिडेंस वापस लौटा।

इसके बाद उन्होंने विदेश के धुआंधार दौरे किए और एक साल के अंदर उन्होंने 12 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान हासिल किया। उनके 11 साल के कार्यकाल में पहले 10 साल में 14 सम्मान मिले थे लेकिन तीसरे कार्यकाल के पहले साल में 12 सम्मान मिले। इस तरह उन्होंने घरेलू राजनीति की कमजोरी को वैश्विक मंच पर विश्वगुरू के रूप में स्थापित होने के नैरेटिव से बदलने का प्रयास किया। लेकिन ऐसा लग रहा है कि इसमें बहुत कामयाबी नहीं मिली है। बहरहाल, आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत का बयान बहुत दिलचस्प है। उन्होंने हिंदुवादी विचारक मोरोपंत पिंगले के ऊपर लिखी एक किताब के विमोचन में कहा, 'जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है तो समझिए कि दूसरों का मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे हो जाना चाहिए'। यह बात उन्होंने अपने संदर्भ में कही। ध्यान रहे संघ प्रमुख भी 11 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। तभी यह कयास लगाया जा रहा है कि क्या मोहन भागवत भी रिटायर होंगे और इससे प्रधानमंत्री मोदी के ऊपर रिटायर होने का दबाव बनेगा। हालांकि संघ में भी 75 साल की उम्र में रिटायर होने का नियम नहीं है।

मोहन भागवत से पहले केएस सुदर्शन संघ प्रमुख थे और 78 साल की उम्र में सेहत की वजह से रिटायर हुए। फिर भी अगर मोहन भागवत कुछ इशारा कर रहे हैं तो उसका कोई न कोई मतलब है। कहा जा रहा है कि भाजपा के अंदर भी संघ से नजदीकी रहने वाले कई नेता हैं, जो चाहते हैं कि 75 साल की उम्र में रिटायर होने का नियम प्रधानमंत्री मोदी पर भी लागू हो। परंतु मुश्किल यह है कि कोई भी यह बात खुल कर नहीं कह रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रिटायरमेंट की चर्चा की। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि वे रिटायर होने के बाद योग, ध्यान करेंगे। वेद, उपनिषद पढ़ेंगे और बागवानी करेंगे। इसका मतलब है कि वे अंतिम समय तक किसी पद पर बने रहने या राजनीति में सक्रिय रहने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। ध्यान रहे भारत में हर नेता की इच्छा यही रहती है कि वह पद रहते हुए ही अंतिम सांस ले। उम्र बची रहे और स्वेच्छा से कोई राजनीति से रिटायर हो जाए यह दुनिया के दूसरे आधुनिक, लोकतांत्रिक, पूंजीवादी, उपभोक्तावादी देशों में तो होता है लेकिन भारत में, जहां त्याग और अध्यात्म की महिमा बखानी जाती है वहां नहीं होता है।

इसलिए अमित शाह की कही बात का बहुत महत्व है। वे अभी 61 साल के होने वाले है और उन्होंने योग, ध्यान, एक्सरसाइज से अपने को पहले से काफी फिट बनाया है। सोचें, 61 साल की उम्र में वे रिटायर होने के बाद की योजना पर चर्चा कर रहे हैं! वे कब रिटायर होंगे यह नहीं कहा लेकिन उसके बाद की जो योजना बताई उसके हिसाब से शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हुए, एक निश्चित उम्र में रिटायर हो जाना होगा। सवाल है कि क्या उन्होंने भी प्रधानमंत्री को कोई इशारा दिया? कहा नहीं जा सकता है। पिछले चुनाव के समय अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के सितंबर 2025 में रिटायर होने की बात कही थी और कहा था कि इस बार चुनाव अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो रहा है।

तब अमित शाह ने इसका कड़ा प्रतिवाद किया था और कहा था कि चुनाव के बाद मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे और 2029 में भी मोदी ही नेतृत्व करेंगे। यही बात भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने भी कही है। उन्होंने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी 90 साल की उम्र तक सांसद रहे। यह सही है कि आडवाणी 2014 का चुनाव लड़े थे और तब उनकी उम्र 84 साल थी। इसके बाद पांच साल वे सांसद रहे। जो हो इस बार प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन बहुत खास हो गया है। मोहन भागवत 75 साल पूरे करने पर क्या करते हैं और मोदी क्या करते हैं इस पर सबकी नजर होगी। अगर भागवत रिटायर होते हैं और मोदी नहीं होते हैं तो क्या होगा। अगर दोनों होते हैं तो क्या होगा और अगर दोनों रिटायर नहीं होते हैं तो क्या होगा। इन सवालों का जवाब सितंबर में और उसके बाद की राजनीति में मिलेगा।

# पीएम-किसानः किसानों के सशक्तिकरणऔर ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के रूपांतरण का भारत का वैश्विक खाका

//डॉ. प्रमोद मेहरदा//

**समावेशी विकास और ग्रामीण समृद्धि के सफर में, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, भारत सरकार की एक अग्रणी पहल के रूप में उभर कर सामने आई है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई, इस पहल ने लाखों छोटे एवं सीमांत किसानों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है और पूरी तरह से डिजिटल, कुशल एवं पारदर्शी प्रणाली के जरिए प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के एक वैश्विक मॉडल के रूप में खुद को स्थापित किया है।**



मूल रूप से,पीएम-किसान योजना पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता प्रदान करती है। यह सहायताराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के जरिए 2,000 रुपये की तीन बराबरकिस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाती है। इस सुव्यवस्थित एवंतकनीक-संचालित कदम से बिचौलियों की भूमिका, लाभ मिलने में होने वाली देरी और त्रुटि की गुंजाइशखत्म होतीहै और एक-एक पाई इच्छित लाभार्थी तक पहुंचना सुनिश्चित होता है।

इस योजना की शुरुआत से लेकर अब-तक,कुल 3.69 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है। इस प्रकार, पीएम-किसान दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल रूप से क्रियान्वित नकद हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक बन गया है। आंकड़ों से परे, यह कदम सब्सिडी से हटकर सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ने संबंधीएक बदलाव का प्रतीक है।बातचाहे बीज की हो या उपकरण या शिक्षा या फिर स्वास्थ्य की, इस योजना से किसानों को यह तय करने की आजादी मिलती है कि वे इस सहायता का सबसे बेहतरइस्तेमाल कैसे करें।

दो हेक्टेयर से कम जमीन वाले भारत के 85प्रतिशत से अधिक किसानों के लिए ये लाभ बुवाई या कटाई के मौसम में एक अहम आर्थिक सेतु का काम करते हैं। ये लाभ अल्पकालिक नकदी प्रवाह के तनाव को कम करते हैं, अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमीलाते हैं और संकट के समय एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं।

वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर, पीएम-किसान योजना समावेशिता, सम्मान और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एक भागीदार के रूप में किसान की मान्यता का प्रतीक है।पीएम-किसान की सफलता का श्रेय भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे को जाता है। जेएएम की तिकड़ी -जन धन बैंक खाते, आधार बायोमेट्रिक पहचान और मोबाइल कनेक्टिविटी - ने बड़े पैमाने पर लाभ के निर्बाध वितरण को संभव बनाया है। स्व-पंजीकरण से लेकर भूमि स्वामित्व के सत्यापन और डीबीटी द्वारा समर्थ भुगतान तक, इस पूरी योजना का जीवनचक्र डिजिटल है।

राज्य सरकारों के सहयोग से, पीएम-किसान डिजिटल रूप से समन्वित तथा एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से पहुंचने वाले शासन के एक बेहतरीन मॉडल के रूप में कार्य करता है। इसने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों, लाभार्थियों के डेटाबेस और भुगतान प्रणालियों को सफलतापूर्वक समन्वित किया है औरइससे दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में किसान-केन्द्रित एक उत्तम संरचना का निर्माण हुआ है। पीएम किसान ने कृषि से जुड़े इकोसिस्टम में किसान ई-मित्र वॉयस-आधारित चैटबॉट और एग्री स्टैक जैसी नवीन परियोजनाओं को भी प्रेरित किया है। एग्रीस्टैक व्यक्तिगत, समय पर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है, जिससे भारतीय कृषि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सके। दुनिया भर में, प्रत्यक्ष लाभ कार्यक्रमों को गरीबी उन्मूलन के कारगर साधनों के रूप में तेजी से मान्यता मिल रही है। फिर भी, पीएम-किसान की कुछ अनूठी विशेषताएं हैं –इसका विशाल आकार, गति और डिजिटल विश्वसनीयता इसे बिखरी हुई कृषि सहायता प्रणालियों में सुधार के लिए प्रयासरत देशों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनाती है। आईएफपीआरआई, एफएओ, आईसीएआर और आईसीआरआईएसएटीजैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने छोटे किसानों की आय बढ़ाने, ऋण की सुलभता में सुधार, असमानता को कम करने और आधुनिक कार्यप्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में पीएम किसान की भूमिका पर प्रकाश डाला है। कई देशों में जारी सशर्त हस्तांतरण के उलट, इसका विश्वास-आधारित वबिना शर्त वाला दृष्टिकोण, सहभागी एवंसम्मान-आधारित कल्याणकारी वितरण की दिशा में एक बड़ी छलांग है। पीएम-किसान का सकारात्मक प्रभाव केवल व्यक्तिगत लाभार्थियों तक ही सीमित नहीं है। इसके तहत होने वाले अनुमानित नकदी प्रवाह ने ग्रामीण बाजारों को पुनर्जीवित किया है, कृषि-उत्पादों की मांग को प्रोत्साहित किया है और घरेलू उपभोग के पैटर्न को मजबूत किया है। इसने महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, खासकर उन मामलों में जहांबैंक खाते संयुक्त रूप से खोले जाते हैं।

इसके अलावा, यह एक समग्र और परस्पर संबद्ध ग्रामीण विकास इकोसिस्टम का निर्माण करके मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम फसल बीमा योजना और ई-नाम जैसी अन्य प्रमुख योजनाओं का पूरक है। किसानों के लिए एक पेंशन योजना, पीएम-किसान मानधन योजना के साथ इसका एकीकरण, भारत के कृषि कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

सुनहरे भविष्य का एक दृष्टिकोणः दृढ़ता, समानता और स्थिरता पीएम-किसान एक वित्तीय सहायता तंत्र से कहीं बढ़करहै। यह भारत सरकार के किसानों के नेतृत्व वाले विकास का एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। अधिकार से सशक्तिकरण की ओर, सहायता से स्वायत्तता की ओर स्थानांतरित होकर, यह राज्य और किसान के बीच अनुबंध को नए सिरे से परिभाषित करता है।

भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, ऐसे में पीएम-किसान जैसी पहल समावेशी प्रगति की नींव रखती है। उन्नत तकनीकों के निरंतर एकीकरण और जलवायु परिवर्तन के प्रति दृढ़ता, स्थिरता और सटीक कृषि पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, यह योजना बदलाव की दिशा में एक बेहदशक्तिशाली कदमके रूप में विकसित होने के लिए तैयार है।

पीएम-किसान विश्वास, तकनीक और परिवर्तन की कहानी है। यह दुनिया के लिए भारत का योगदान है। यह योजना एक जीवंत उदाहरण है कि कैसे एक दूरदर्शी नीति, डिजिटल नवाचार और राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ मिलकर, लाखों लोगों को सशक्त बना सकती है और 21वीं सदी के शासन को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन के अवसर पर आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लिया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन के अवसर पर आयोजित सार्वजनिक समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान के अंतर्गत 15वें भारतीय अंगदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।




स्पेन में भारत के राजदूत दिनेश के. पटनायक, भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्पेन के सेविले में एयरबस डिफेंस एंड स्पेस असेंबली लाइन में 16 एयरबस सी-295 सैन्य परिवहन विमानों में से अंतिम विमान प्राप्त करते समय एक समूह तस्वीर के लिए पोज देते हुए।



मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में गिरफ्तार केरल की दो ननों को छत्तीसगढ़ के दुर्ग में विशेष अदालत द्वारा जमानत दिए जाने के बाद दुर्ग सेंट्रल जेल से रिहा किए जाने पर उनका स्वागत किया गया।



उत्तर प्रदेश के मेरठ में कांग्रेस सदस्यों ने मेरठ नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और अन्य सदस्यों को नई दिल्ली में शास्त्री भवन के बाहर एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और हाशिए के छात्रों के लिए फेलोशिप और छात्रवृत्ति की बहाली की मांग को लेकर उनके विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया।

# काशी से पीएम मोदी का स्वदेशी अपनाने का आह्वान बोले- आज से घर में केवल भारतीय वस्तुएं ही आएं

**वाराणसी, 03 अगस्त [एजेंसी]।**



अमेरिका के साथ टैरिफ को लेकर चल रहे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को काशी से देशवासियों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया है। कहा- देशवासी स्वदेशी का संकल्प लें कि वे आज से उन वस्तुओं को ही खरीदेंगे, जिसे बनाने में भारत का पसीना बहा है।यह जिम्मेदारी देश के लोगों को लेनी होगी कि आज से ही हमारे घर में जो नया सामान आएगा, वह स्वदेशी ही होगा। उन्होंने ट्रंप और अमेरिका का जिक्र किए बिना कहा- इस समय वैश्विक अस्थिरता का माहौल है। सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, इसलिए अपने आर्थिक हितों के प्रति हमें सजग रहना होगा। हमें वोकल फार लोकल के मंत्र को अपनाना होगा। हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा देंगे। सेवापुरी के बनौली गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आपरेशन सिंदूर को लेकर संसद में बयान के लिए कांग्रेस और सपा को भी निशाने पर रखा।कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की एकता आपरेशन सिंदूर की ताकत बनी। दुर्भाग्य से आपरेशन सिंदूर की सफलता से हमारे देश के ही कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेस ने हमारे जवानों के पराक्रम का लगातार अपमान किया और आपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है। क्या सिंदूर कभी तमाशा हो सकता है। हमारी सेना के पराक्रम, बहनों का सिंदूर उजाड़ने वालों से बदला लिए जाने को तमाशा कहने की निर्लज्जता और वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण की राजनीति में सपा भी पीछे नहीं है।

सपा नेता संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकी को क्यों मारा। क्या आतंकियों को भी मारने के लिए इंतजार करना चाहिए था। नया भारत भोलेनाथ को पूजता है तो समय आने पर दुश्मनों के सामने कालभैरव भी बन जाता है। आज भारत पर जो वार करेगा, पाताल में भी नहीं बचेगा। आपरेशन सिंदूर में विश्व ने हमारे स्वदेशी हथियारों की क्षमता देखी।हमारी वायु रक्षा प्रणालियों, मिसाइलों और ड्रोनों ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत साबित की है, विशेष रूप से ब्रह्मोस मिसाइलों ने। इस मिसाइल का निर्माण अब लखनऊ में किया जाएगा। पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो उत्तर प्रदेश में बनी मिसाइल आतंकियों को तबाह कर देंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे लिए किसान, लघु उद्योग, युवाओं का रोजगार ही सर्वोपरि है।जनधन खातों से आए बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य है, जो जितना पिछड़ा उसे उतनी प्राथमिकता मिले। इसी उद्देश्य के तहत 10 वर्ष पहले 55 करोड़ गरीबों के जनधन खाते खोले गए। बैंक का नियम है कि 10 वर्षों बाद नए सिरे से केवाईसी के सत्यापन की आवश्यकता होती है। इसके लिए बीते एक जुलाई से राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है। बैंक के लोग केवाईसी करने के लिए हर ग्राम पंचायत तक पहुंच रहे हैं। बीते एक माह में एक लाख ग्राम पंचायतों में जा चुके हैं। लाखों लोगों की केवाईसी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सबसे अपील है कि वे जनधन खातों की केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करा लें।प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के तहत 9.70 करोड़ किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपये आनलाइन ट्रांसफर किए। कहा कि किसान सम्मान निधि सरकार के पक्के इरादों का उदाहरण बन चुकी है।

2019 में जब यह योजना शुरू हुई थी तो सपा, कांग्रेस जैसे विकास विरोधी दलों ने कहा था कि चुनाव के बाद सब बंद हो जाएगा। सरकार ने जो पैसा जमा कराया है, वह भी ले लेगी।अब तक पौने चार लाख करोड़ रुपये देश के किसानों के खाते में भेजे जा चुके हैं। उप्र के ढाई करोड़ किसानों को इसका लाभ मिला है और उनके खाते में 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक भेजे गए हैं। यह पैसा किसी कट या कमीशन के बिना सीधे खाते में गया है। पीएम ने विकास की दौड़ में पिछड़े क्षेत्रों के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का भी जिक्र किया।कहा कि इसके तहत किसानों के कल्याण और कृषि के विकास के लिए 24 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। हम बीज से बाजार तक किसानों के साथ मजबूती से खड़े हैं। सरकार तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने जा रही है। अब तक डेढ़ करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। सपा वाले यह आंकड़ा सुनकर ही साइकिल लेकर भाग जाएंगे। मोदी ने 2183.45 करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया, बुजुर्गों व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए।

### रूस में तबाही बनकर बरसे यूक्रेन के ड्रोन बम, ऑयल रिफाइनरी और मिलिट्री हवाई पट्टी तबाह, 3 की मौत

**कीव।** यूक्रेन ने कीव पर रूसी हमले के जवाब में शनिवार को रूस के भीतर बड़ा ड्रोन हमला किया है। यूक्रेन के दावे के अनुसार इस हमले में रूस की एक बड़ी तेल रिफायनरी, सैन्य हवाई पट्टी और इलेक्ट्रॉनिक सामान का एक कारखाने को निशाना बनाया गया। हमलों में तीन लोगों के मारे जाने की भी सूचना है। इस बीच गुरुवार तड़के कीव पर रूसी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है, 150 से ज्यादा लोग घायल हैं जिनमें कई की हालत गंभीर है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने हमले के यूक्रेनी दावे की पुष्टि नहीं की है। कहा है कि शुक्रवार-शनिवार की रात यूक्रेन से रूस में आए 338 ड्रोन को आकाश में नष्ट कर दिया गया। जबकि यूक्रेन की वायुसेना ने बताया है कि इस दौरान रूस ने यूक्रेन में 53 ड्रोन भेजे थे जिनमें से 45 को आकाश में नष्ट कर दिया गया। रूस ने पूर्वी यूक्रेन के एक और गांव पर कब्जे का दावा किया है। यूक्रेन में हथियारों की आपूर्ति के लिए अमेरिका, नाटो, यूरोपीय देशों और यूक्रेन ने अलग से व्यवस्था बनाई है।

## ट्रंप के टैरिफ को बेअसर करने के लिए सरकार ने बनाया मास्टरप्लान, एक्सपोर्टर्स के साथ पीयूष गोयल ने की बैठक

**नईदिल्ली, 03 अगस्त [एजेंसी]।**

ट्रंप के 25 प्रतिशत टैरिफ का मुकाबला सरकार और निर्यातक दोनों मिलकर करेंगे। ताकि अमेरिका के बाजार में भारतीय निर्यात में कमी नहीं आए। शनिवार को वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई में टेक्सटाइल व इंजीनियरिंग गुड्स के निर्यातकों से मुलाकात की।ट्रंप के टैरिफ से प्रभावित सेक्टर से जुड़े एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल को सरकार ने मदद के लिए प्रस्ताव देने को कहा है। मुख्य रूप से गारमेंट, लेदर आइटम, फुटवियर, जेम्स व ज्वैलरी, इंजीनियरिंग गुड्स जैसे सेक्टर को वित्तीय मदद की जरूरत दिख रही है क्योंकि ये सेक्टर रोजगारपरक है और शुल्क की वजह से इन सेक्टर का निर्यात प्रभावित होने पर रोजगार पर असर पड़ेगा। पिछले तीन सालों से इन सेक्टर का निर्यात अमेरिका के बाजार में लगातार बढ़ रहा है। ट्रंप के 25 प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका होने वाले वस्तु निर्यात में 25 अरब डॉलर तक की कमी आने की आशंका है। काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट के चेयरमैन आर. के. जालान ने बताया कि अभी भारतीय वस्तु पर 10 प्रतिशत का शुल्क लग रहा है जो सात अगस्त से 25 प्रतिशत हो जाएगा।वर्तमान शुल्क और सात अगस्त से लगने वाले शुल्क में 15 प्रतिशत का अंतर है और हम सरकार से इस 15 प्रतिशत की भरपाई में वित्तीय सहायता चाहते हैं। उन्होंने बताया कि निर्यातक अपने मार्जिन को कम कर सकता है और कुछ बोझ खरीदार उठा सकता है। ऐसे में सरकार को बहुत अधिक वित्तीय सहायता देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया कि चार अगस्त को वाणिज्य मंत्रालय में टैरिफ के प्रभाव को कम करने के उपाय को लेकर लेदर काउंसिल के साथ बैठक बुलाई गई है।




जेम्स व ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के पदाधिकारी भी वाणिज्य मंत्री से मिलने वाले हैं। निर्यातकों का कहना है कि वह अमेरिका के अपने खरीदार को खोना नहीं चाहते हैं।

शुल्क को लेकर एक-दो महीने की परेशानी है क्योंकि अक्टूबर तक भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता के पहले चरण के पूरा होने पर इस 25 प्रतिशत के शुल्क का कोई मायने नहीं रह जाएगा। अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने बताया कि ट्रंप ने 25 प्रतिशत के शुल्क के साथ भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने की भी घोषणा की थी, लेकिन जुर्माने को लेकर स्थिति साफ नहीं होने से अमेरिका के खरीदार नए ऑर्डर नहीं दे रहे हैं। अमेरिकी खरीदार को डर है कि ट्रंप कभी भी जुर्माने की दर का ऐलान कर सकता है।ऐसे में, उन्हें भारतीय वस्तुओं की खरीदार पर जुर्माना भी देना पड़ेगा और उनकी लागत बढ़ जाएगी। निर्यातकों ने बताया कि सात अगस्त तक नए शुल्क से छूट है, लेकिन इतने कम समय में वे नए आर्डर को लेकर उसकी डिलिवरी नहीं कर सकते है। पहले से तैयार माल को जरूर वे सात अगस्त से पहले अमेरिका के खरीदारों को भेजना चाह रहे हैं।

### पुरी में पेट्रोल हमले की शिकार नाबालिग की दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान मौत, फिर बिगड़ सकता है माहौल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी स्थित बलंगा क्षेत्र में एक पखवारे पहले बदमाशों द्वारा जिंदा जलाने की कोशिश के बाद जिंदगी और मौत से जूझ रही नाबालिग पीड़िता का शनिवार को दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। पुरी में भार्गवी नदी के तट पर 19 जुलाई की सुबह तीन अज्ञात लोगों ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसे आग लगा दी थी। घटना के वक्त लड़की अपनी एक सहेली से मिलने के बाद घर लौट रही थी।उसकी मां ने बलंगा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया था कि तीन लोगों ने रास्ते में रोककर उनकी बेटी का अपहरण कर लिया और उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना में वह 70 प्रतिशत से ज्यादा जल गई थी। उसे एम्स भुवनेश्वर में भर्ती कराया गया था।

### पूर्णिया में धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ से भड़का आक्रोश... दो समुदाय में तनाव के बाद पुलिस ALERT



**पूर्णिया, 03 अगस्त [एजेंसी]।**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भोगाकरियात पंचायत के छतिया गांव वार्ड संख्या-6 में शुक्रवार देर रात असामाजिक तत्वों ने धार्मिक आस्था को भड़काने के मकसद से महाराज स्थान में तोड़फोड़ कर माहौल को अशांत करने की कोशिश की है। शनिवार की सुबह जब गांव की महिलाएं पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचीं, तो वहां का दृश्य देख सन्न रह गईं। महाराज स्थान में स्थापित मिट्टी के पिंड, टीन से बना पूजा स्थल, धार्मिक ध्वज और अन्य सामग्री को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसकी सूचना जैसे ही ग्रामीणों को मिली, सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्र हो गए और घटना के खिलाफ आक्रोश जताते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब मंदिर को निशाना बनाया गया है। इससे पहले भी कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा 2023 में मंदिर में तोड़फोड़ की घटना हो चुकी है। उस समय पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ था। वहीं ग्रामीण मनोज गोस्वामी, बिनोद रजक, विकास गोस्वामी, प्रदीप मेहरा, पप्पू गोस्वामी, अजय गोस्वामी, रंजीत साह, राजेन्द्र गोस्वामी, सोनू गोस्वामी एवं कृष्णानंद गोस्वामी सहित कई लोगों ने आरोप लगाया कि इस बार भी एक खास समुदाय के लोगों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। तथा उनलोगों के द्वारा धमकी भी दिया जा रहा है कि अगर यहां पर मंदिर बनाया तो बहुत बड़ा अंजाम भुगतना पड़ेगा।विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और गांव में शांति व्यवस्था बहाल रह सके। वहीं सबों ने मांग किया कि उक्त देव स्थल पर चहार दिवारी का निर्माण पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में करवाया जाय ताकि आगे फिर ऐसी घटना नहीं हो।

### हांगकांग भेजी जा रही थीं सात लड़कियां... नेपाली युवतियों के हाथ लगा जाली भारतीय दस्तावेज, SSB ने किशनगंज में पकड़ा



**किशनगंज, 03 अगस्त [एजेंसी]।**

एसएसबी 41वी बटालियन के पानीटंकी सी कंपनी के जवानों ने चेकिंग के दौरान सात नेपाली लड़कियों को मानव तस्कर के चुंगल से मुक्त कराया। पकड़ी गई लड़कियों में एक नाबालिग भी है। एसएसबी ने दो मानव तस्कर को भी पकड़ा है। जिसमे जपान गुरुंग (नेपाल) व दीपेश गुरुंग (नक्सलबाड़ी, बंगाल) शामिल हैं।जानकारी के अनुसार सभी युवतियों को बंगाल के सुरक्षित स्थान पर लाने के बाद उनका जाली भारतीय दस्तावेज तैयार किया गया था। सभी युवतियों को जाली दस्तावेज के आधार पर हांगकांग भेजने की तैयारी थी। बताया जाता है कि दीपेश गुरुंग एक टैक्सी ड्राइवर है और सीमा पार से लड़कियों को इकट्ठा कर बंगाल लाता है। वही से लड़कियों को कहां पहुंचाना है इसकी प्रक्रिया बंगाल के सिलीगुड़ी से शुरू होती है। एसएसबी के डीआइजी एकेसी सिंह ने बताया कि बताया कि इस धंधे में बहुत बड़ा रैकेट शामिल हो सकता है। रैकेट में शामिल लोग लड़कियों को अच्छी नौकरी का झांसा देकर जाल में फंसाते हैं। उसका जाली पासपोर्ट, पैन कार्ड आदि बनाकर विभिन्न देशों में भेजने की बात सामने आ रही है। प्रत्येक लड़की से मोटी रकम की भी वसूली की जाती है। उल्लेखनीय है कि गत दिन सिलीगुड़ी के प्रधान नगर की पुलिस व एसएसबी ने बस पड़ाव से 34 लड़कियों का रेस्क्यू किया। जिन्हें बस के माध्यम से बाहर भेजने की तैयारी थी। वही सिलीगुड़ी के एनजेपी स्टेशन पर 56 लड़कियों का जीआरपी ने बचाया था। सभी लड़कियों को पटना, बिहार भेजा जा रहा था।हाल के दिनों में पानीटंकी में ही एसएसबी ने एक नाबालिग का रेस्क्यू किया। उसे मां बेटा मिलकर अरुणाचल प्रदेश ले जा रहे थे। वही शुक्रवार को सात लड़कियों को मुक्त कराने के बाद आरोपितों को खोरीबारी पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### भूपेश बघेल अग्रिम जमानत के लिए पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, अपने बेटे को लेकर कही ये बात

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शराब, कोयला और महादेव सट्टा एप घोटालों में नाम आने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस पर सोमवार को सुनवाई होगी। इसी दिन शराब घोटाले में बंद उनके बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। भूपेश बघेल ने मांग की है कि उन्हें इन मामलों में किसी भी तरह से गिरफ्तार न किया जाए और जांच में सहयोग करने का अवसर दिया जाए।याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिस तरह उनके बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी राजनीतिक द्वेष के चलते की गई, उसी तरह उन्हें भी निशाना बनाया जा सकता है।

यह याचिका ऐसे समय में दाखिल की गई है, जब ईडी और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों ने संबंधित मामलों की जांच तेज कर दी है। चैतन्य बघेल की याचिका में कहा गया है कि न तो उनका नाम शराब घोटाले की ईडी एफआइआर में है और न ही किसी के बयान में उनका उल्लेख किया गया है। राजनीतिक द्वेष के तहत उनकी गिरफ्तारी की गई है।

### किशनगंज में मदरसा के बच्चे को गला रेतकर मार डाला... शरीर पर गहरे जख्म, टायलेट में फेंका शव



**किशनगंज।** सदर थाना क्षेत्र के मोतिहारा पंचायत के तालुका मोतिहारा गांव में एक मदरसा के शौचालय के समीप शनिवार को एक 12 वर्षीय मदरसा में पढ़ाई कर रहे बच्चे का शव बरामद हुआ। बालक जहीरूद्दीन पिता सफीक आलम सिंघिमुनी बेलवा कासीपुर का रहने वाला है। वह मदरसा नजमुल हुदा में तीन साल से हाफिज की पढ़ाई कर रहा था।घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ वन गौतम कुमार,सर्किल इंस्पेक्टर राजा व सदर थानाध्यक्ष अभिषेक रंजन मौके पर पहुंचे और घटना की जांच में जुट गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर पुलिस बारीकी से कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है।एसपी सागर कुमार ने बताया कि फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। स्वजन से आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना की जांच बारीकी से सभी बिंदुओं पर की जा रही है। मृतक बच्चे को बेरहमी से गला रेत कर मौत के घाट उतारा गया है। वहीं मृतक के शरीर के अन्य हिस्से में भी गंभीर जख्म का निशान है।

### सोनम, राज और अन्य तीन आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी, साक्ष्यों की जांच रिपोर्ट आने का इंतजार

**इंदौर, 03 अगस्त [एजेंसी]।**

इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपित पत्नी सोनम, उसके प्रेमी राज कुशवाहा, सुपारी किलर विशाल चौहान, आकाश और आनंद की 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाई गई है।शासकीय अधिवक्ता तुषार चंदा ने बताया कि मेघालय के शिलांग कोर्ट में सभी की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपितों को पिछली बार भी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। यह समयावधि खत्म हो रही थी।सोनम, राज व विशाल की 14 दिन की न्यायिक हिरासत एक अगस्त से और आकाश व आनंद कुर्मी की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई से बढ़ाई गई है। गौरतलब है कि राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपितों को गिरफ्तार किए करीब 50 दिन से ज्यादा बीत चुके हैं।



इस मामले में मेघालय पुलिस द्वारा घटनास्थल से बरामद सोनम की जैकेट, हथियार व आकाश की शर्ट सहित अन्य साक्ष्यों की फोरेंसिंग लैब की जांच रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। संभावना है कि मेघालय पुलिस आगामी एक माह के अंदर इस केस की चार्जशीट कोर्ट में पेश कर सकती है।

### रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा भारत, टैरिफ वार के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को भारत का करारा जवाब




**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जुर्माने की धमकियों के बावजूद भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि ये दीर्घकालिक तेल अनुबंध हैं। रातोंरात खरीदारी बंद करना इतना आसान नहीं है। ट्रंप ने पिछले महीने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में संकेत दिया था कि रूसी हथियार और तेल खरीदने के लिए भारत को अतिरिक्त पेनल्टी का सामना करना पड़ेगा। लेकिन, अमेरिका के साथ जारी टैरिफ वार के बीच रूस से तेल खरीद जारी रखने को भारत सरकार का करारा जवाब माना जा रहा है।भारत रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। भारत ने आधिकारिक रूप से इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि रूस से तेल आयात पर कोई रोक नहीं है। भारत की ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हितों और बाजार की ताकतों पर आधारित है। हमारे पास भारतीय तेल कंपनियों द्वारा रूसी आयात रोकने की कोई रिपोर्ट नहीं है। कुछ रिपोर्टों में कहा गया था कि भारतीय रिफाइनरियों (इंडियन आयल कार्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन और मैंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल लिमिटेड) ने पिछले सप्ताह रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया।लेकिन, आईएएनएस ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि चारों रिफाइनरियां नियमित रूप से मांग के आधार पर रूसी तेल खरीदती हैं और वैकल्पिक रूप से पश्चिम एशिया और अफ्रीकी बाजारों का रुख कर रही हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए वैश्विक बाजार की पेशकशों के आधार पर तेल खरीदता है।न्यूयॉर्क टाइम्स ने शनिवार को दो वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा कि भारत सरकार की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एक अधिकारी ने कहा कि सरकार ने रूस से आयात कम करने के लिए तेल कंपनियों को कोई निर्देश नहीं दिया है।

## मधेपुरा में सेप्टिक टैंक में घुसे दो मजदूरों की मौत... एक घंटे बाद पहुंची पुलिस, दो घंटे बाद SDRF Bihar

**मधेपुरा, 03 अगस्त [एजेंसी]।**

सिंहेश्वर के गम्हरिया रोड में निर्माणाधीन गोदाम के सेफ्टी टैंक का सेंटरिग खोलने अंदर घुसे दो मजदूर की दम घुटने से मौत हो गई। तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान सिंहेश्वर प्रखंड बैहरी पंचायत के बुढावे वार्ड नंबर 15 निवासी दिलीप चौहान उर्फ बघही वाला(45) और सुखासन पंचायत के लालपट्टी निवासी प्रमोद कुमार यादव (36) के रूप में हुई है।रूपौली पंचायत के केटावन वार्ड नंबर 12 निवासी घायल संतोष कुमार (32) का जन नायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कालेज के आईसीयू वार्ड में इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार संतोष की हालत चिंताजनक है। चौथे मजदूर लालपुर सरपट्टी पंचायत के वार्ड नंबर 11 निवासी स्व. राजेंद्र ऋषिदेव का पुत्र मुकेश ऋषिदेव (22) की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। किसी निजी चिकित्सक के द्वारा मुकेश का इलाज किया जा रहा है। इधर, विजय भगत के पिपरा रोड स्थित आवास के समीप मृतकों के स्वजन और ग्रामीण मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। सिंहेश्वर-गम्हरिया रोड में पुलिस लाइन के सामने विजय भगत के निर्माणाधीन गोदाम के साथ-साथ बनाए गए सेफ्टी टैंक का सेटरिंग खोलने के लिए सुबह 9.30 बजे दिलीप चौहान उर्फ बघही वाला और प्रमोद कुमार यादव अंदर प्रवेश किया। कुछ देर तक हलचल नहीं होने पर तीसरा मजदूर संतोष कुमार रस्सी के सहारे अंदर प्रवेश किया और दोनों को बेहोश देखकर चिल्लाया। इसके बाद लोग उसको बचाने के जुगत में जुट गए लेकिन तब तक उसका भी शरीर अकड़ गया। इसके बाद चौथा मजदूर मुकेश ऋषिदेव अंदर प्रवेश किया। इस बीच स्टैंड फैन की हवा और एक ओर से सैफ्टी टैंक की दीवार को कटर से काटा गया। जिससे टैंक के गैस का असर खत्म होने पर मुकेश ने नीचे गिरे रस्सी को हिलाया लोगों ने उसे देख नीचे हाथ बढाकर उसे निकाला। घटना के लगभग एक घंटे बाद सीओ नवीन कुमार सिंह और थानाध्यक्ष वीरेंद्र राम पहुंचे।



दोनों अधिकारियों के पहुंचने के एक घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम पहुंची तब तक दोनों शव को निकाला जा चुका था।लगभग 11.30 बजे बुढ़ावे वार्ड नंबर 15 निवासी नीरो चौहान का पुत्र मिथुन कुमार कमर में रस्सी बांध कर नीचे उतरा और टैंक में पड़े दोनों मजदूर को बाहर निकाला। जिसके बाद तीनों को मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दिलीप चौहान और प्रमोद ऋषिदेव को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया गया।सेप्टिक टैंक में दम घुटने से दो मजूदरों की मौत हो गई है। एक की हालत गंभीर है। दोनों मृतकों के आश्रितों को आपदा मद से दो-दो लाख रुपये मुआवजा दिया जा रहा है। तत्काल पारिवारिक लाभ के तहत 20-20 हजार और कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत तीन-तीन हजार रुपये दिए गए हैं। नवीन कुमार सिंह, सीओ, सिंहेश्वर।टैंक में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घायल मजदूर का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सोने से पहले फोन का उपयोग करना छोड़ दें, इससे मिल सकते हैं कई लाभ

आजकल लोग सोने से पहले फोन का उपयोग करना छोड़ दें तो उन्हें कई फायदे मिल सकते हैं। यह आदत न केवल नींद की गुणवत्ता को सुधारती है, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि सोने से पहले फोन का उपयोग न करने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं और कैसे यह आपकी नींद को बेहतर बना सकता है।

**नींद की गुणवत्ता में सुधार**

फोन का उपयोग करने से पहले नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है। फोन की स्क्रीन की नीली रोशनी हमारे दिमाग को जगाए रखती है, जिससे नींद आने में दिक्कत होती है। अगर आप सोने से पहले फोन का उपयोग नहीं करेंगे तो आपकी नींद गहरी और पूरी होगी, जिससे आप सुबह तरोताजा महसूस करेंगे। इसके अलावा गहरी नींद से शरीर को आराम मिलता है और मानसिक सेहत भी बेहतर



होती है।

**नीली रोशनी से बचें**

फोन की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी हमारी आंखों पर बुरा असर डालती है। यह आंखों की थकान, सूजन और दर्द का कारण बन सकती है। इसके अलावा नीली रोशनी से नींद भी प्रभावित होती है। अगर आप सोने से पहले फोन का उपयोग नहीं करेंगे तो आपकी आंखों पर तनाव कम होगा और आपकी नींद भी बेहतर होगी। इसके साथ ही आप सुबह तरोताजा महसूस करेंगे और मानसिक सेहत में भी सुधार होगा।

**मानसिक शांति बनाए रखें**

सोने से पहले फोन का उपयोग करने से मानसिक शांति भंग होती है। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने या ईमेल देखने से दिमाग लगातार काम करता रहता है, जिससे मानसिक तनाव बढ़ता है। अगर आप सोने से पहले फोन का उपयोग नहीं करेंगे तो आपका दिमाग आराम करेगा और आप शांत महसूस करेंगे। इसके अलावा यह आदत आपको बेहतर नींद लेने में मदद करेगी और सुबह तरोताजा महसूस करेंगे।

**समय प्रबंधन में सुधार**

सोने से पहले फोन का उपयोग करने से समय प्रबंधन भी प्रभावित होता है। रात को देर तक मोबाइल चलाने से आपकी दिनचर्या बिगड़ जाती है और आप समय पर सो नहीं पाते। अगर आप सोने से पहले फोन का उपयोग नहीं करेंगे तो आपकी दिनचर्या नियमित होगी और आप समय पर सो पाएंगे। इससे आपकी नींद पूरी होगी और आप सुबह तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आपका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।

**परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं**

सोने से पहले फोन का उपयोग करने से परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका कम हो जाता है। अगर आप रात को मोबाइल चलाने में व्यस्त रहते हैं तो परिवार या दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका नहीं मिलता। अगर आप सोने से पहले फोन का उपयोग नहीं करेंगे तो अपने परिवार या दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। इससे रिश्ते मजबूत होंगे और आप खुश रहेंगे।

## सोनाली बेंद्रे ने बताया सफल शादी का राज, बोलीं- सम्मान सबसे जरूरी

अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे इन दिनों पति-पत्नी और पंगा को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने बताया कि शादी को कामयाब बनाने के लिए पति-पत्नी दोनों को रोजाना अपने रिश्ते पर ध्यान देना चाहिए। इसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि रिश्ता तभी मजबूत रहता है जब दोनों मिलकर इसको सहेजते हैं।



सोनाली ने कहा, आज के यंग कपल्स को सलाह देना मुश्किल है, क्योंकि वे मानते हैं कि उन्हें सब कुछ पहले से पता है। उनके पास इंटरनेट है। गूगल और चैटजीपीटी जैसे टूल्स हैं, जो हर सवाल का जवाब फौरन दे देते हैं। इसलिए, वे किसी की भी सलाह को गंभीरता से नहीं लेते, और उन्हें सलाह देने की कोशिश करने वाले अक्सर नाकाम हो जाते हैं।

सोनाली बेंद्रे ने अच्छी शादी का राज बताते हुए कहा, मेरे हिसाब से शादी ऐसी चीज है, जिसमें रोज थोड़ी-थोड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसे कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। दोनों पति-पत्नी को मिलकर इस रिश्ते पर काम करना होता है और साथ ही एक-दूसरे का सम्मान करना बहुत जरूरी है।

बेंद्रे ने बताया कि शादी एक ऐसा रिश्ता है जो बराबरी और आपसी साझेदारी पर टिकता है।

उन्होंने कहा, जरूरी नहीं कि हर काम में हम एक जैसे हों, लेकिन हमारी खूबियां एक-दूसरे की खामियों को पूरा करें। अब मुझे कुछ चीजें अच्छे से आती हैं, और कुछ मेरे पति को, तो हम अपनी जिम्मेदारियां उसी हिसाब से बांटते हैं। शादी का मतलब है एक-दूसरे का साथ। वक्त के साथ समझ आता है कि कभी-कभी आप ज्यादा समझौता करते हैं, और कभी आपका पार्टनर करता है।

अभिनेत्री ने आगे कहा, जिंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। बराबरी का मतलब हर छोटे काम में बराबरी नहीं बल्कि लंबे सफर में एक-दूसरे की इज्जत और परवाह सबसे जरूरी है। यानि शादी में हर चीज बराबर नहीं होती, लेकिन प्यार, सम्मान और सहयोग सबसे अहम होते हैं।

सोनाली बेंद्रे मानती हैं कि इंटरनेट अपने साथ दुनिया और रिश्तों में बहुत बड़ा बदलाव लाया है।

उन्होंने कहा, अब बहुत तेजी से बदलाव हो रहा है। पहले एक जेनरेशन बदलने में 20- 25 साल लगते थे, लेकिन अब ऐसा लगता है कि हर 3 साल में चीजें बदल जाती हैं। सब कुछ एकदम उल्टा हो गया है। इंटरनेट ने लोगों के जीने और जुड़ने के तरीके ही बदल दिए हैं।बता दें, अभिनेत्री कलर्स टीवी के नए शो पति, पत्नी और पंगा में नजर आएंगी। इस शो में सोनाली के साथ कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी भी को-होस्ट के रूप में होंगे।



## हार्ट अटैक से 7 दिन पहले दिखने लगते हैं ये संकेत, नजरअंदाज करने की गलती न करें

आजकल हार्ट अटैक सिर्फ बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि युवाओं को भी तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। हाल ही में शेफाली जरीवाला की अचानक हार्ट अटैक से हुई मौत ने इस खतरे को और भी गंभीर बना दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि हार्ट अटैक आने से पहले शरीर कुछ संकेत जरूर देता है। लेकिन अक्सर हम इन्हें नजरअंदाज कर देते हैं, जो जानलेवा साबित हो सकता है।

**हार्ट अटैक आने से 7 दिन पहले दिखते हैं ये 7 संकेत**

**सीने में दर्द या जकड़न**

सीने के बीचोंबीच हल्का दर्द, जलन या दबाव महसूस होना हार्ट अटैक के सबसे सामान्य और शुरुआती लक्षणों में से एक है। यह दर्द स्थिर हो सकता है या कभी-कभी बढ़ भी सकता है। कई बार यह दर्द कुछ मिनटों के लिए होता है और फिर ठीक भी हो जाता है, लेकिन इसे हल्के में लेना खतरनाक हो सकता है। खासकर जब यह दर्द श्वास लेने या शारीरिक गतिविधि के दौरान बढ़ता है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**जरूरत से ज्यादा थकान**

अगर आपको सामान्य कामकाज के दौरान भी असामान्य थकान या कमजोरी महसूस हो रही है, तो यह आपके दिल के कमजोर होने का संकेत हो सकता है। थकान इतनी ज्यादा हो सकती है कि रोजमर्रा के काम भी बोझ लगने लगें। महिलाओं में यह लक्षण ज्यादा दिखाई देता है क्योंकि वे अक्सर इसे तनाव या अनिद्रा की वजह से होने वाली थकान समझ बैठती हैं। परंतु यह हार्ट अटैक से पहले का एक महत्वपूर्ण चेतावनी संकेत हो सकता है।

**सांस फूलना**

सांस फूलना यानी सांस लेने में कठिनाई होना, खासकर बिना ज्यादा शारीरिक मेहनत किए भी, दिल के खराब होने का लक्षण हो सकता है। यह तब होता है जब दिल शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन युक्त रक्त नहीं पहुंचा पाता। इस समस्या से पीड़ित व्यक्ति को सीढ़ियां चढ़ने या थोड़ी दूर चलने में भी दिक्कत आ सकती है। सांस फूलने के साथ-साथ कभी-कभी खांसी या घबराहट भी महसूस हो सकती है।

**चक्कर आना या सिर हल्का लगना**

अचानक चक्कर आना या सिर हल्का-हल्का घूमना यह संकेत हो सकता है कि आपके दिल की धड़कन सही तरीके से रक्त प्रवाह नहीं कर पा रही है। इससे मस्तिष्क तक खून की आपूर्ति कम हो जाती है, जिसके कारण बेहोशी या अस्थायी चेतना खोने जैसी स्थिति भी हो सकती है। ऐसे लक्षणों को कभी भी हल्के में न लें, खासकर अगर यह बार-बार हो रहा हो।

**ठंडा और चिपचिपा पसीना आना**

बिना किसी शारीरिक परिश्रम के अचानक ठंडा पसीना आना, जो कि चिपचिपा भी हो, एक गंभीर चेतावनी है। यह शरीर का तनाव या शॉक की स्थिति दर्शाता है, जो हार्ट अटैक के पहले संकेतों में से हो सकता है। ऐसे में व्यक्ति को कमजोरी, घबराहट और बेचैनी भी महसूस हो सकती है। इस लक्षण को अनदेखा करने से स्थिति बिगड़ सकती है।

**पेट से जुड़ी दिक्कतें**

लगातार पेट में गड़बड़ी जैसे जी मिचलाना, अपच, पेट दर्द या उल्टी का होना कई बार हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है। खासकर तब जब ये लक्षण सामान्य पाचन समस्याओं की तुलना में ज्यादा गंभीर और बार-बार हों। कई बार हार्ट अटैक के दर्द को पाचन या गैस की समस्या समझ लिया जाता है, जो कि गलतफहमी है और इससे जान को खतरा हो सकता है।

**शरीर के अन्य हिस्सों में दर्द**

हार्ट अटैक के दौरान दर्द सिर्फ सीने तक सीमित नहीं रहता। यह दर्द बाएं हाथ, पीठ, गर्दन, जबड़े या कंधे तक फैल सकता है। यह दर्द तीव्र या धक्का देने वाला हो सकता है और कभी-कभी रुक-रुक कर भी आता रहता है। खासकर बाएं हाथ में तेज दर्द दिल के दौरे का सबसे खतरनाक संकेत माना जाता है। अगर ऐसे लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**क्या करें जब ये लक्षण नजर आएं?**

इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें और तुरंत मेडिकल हेल्प लें। अगर खुद अस्पताल नहीं जा सकते तो किसी परिजन या दोस्त की मदद लें। भारी खाना, कैफीन और घरेलू इलाज से परहेज करें। यदि संभव हो तो श्ष्ट्ठ या ब्लड टेस्ट कराएं ताकि स्थिति की पुष्टि हो सके। अगर समय रहते इन संकेतों को पहचान लिया जाए तो हार्ट अटैक से जान बचाई जा सकती है। सही समय पर इलाज मिलना बहुत जरूरी है। हार्ट अटैक अचानक नहीं आता, शरीर इसके पहले ही कई तरीके से संकेत देना शुरू कर देता है। इन संकेतों को जानें, समझें और अनदेखा बिल्कुल न करें। थोड़ी सी सावधानी और सतर्कता आपकी जान बचा सकती है।

## हर उम्र की महिलाओं के लिए एक परफेक्ट इंस्पिरेशन हैं रानी मुखर्जी के साड़ी लुक

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री रानी मुखर्जी न सिर्फ अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, बल्कि उनकी साड़ी पहनने की सादगी और एलिगेंस भी उन्हें खास बनाती है। वे अक्सर इवेंट्स, अवॉर्ड फंक्शन और त्योहारों में शानदार साड़ियों में नजर आती हैं, जो आज की महिलाओं को ट्रेडिशनल और स्टाइलिश लुक देने के लिए प्रेरित करती हैं। रानी को कई बार रिच कलर की कांजीवरम सिल्क साड़ियों में देखा गया है। ये साड़ियां उनकी रॉयल और ट्रेडिशनल पसंद को दिखाती हैं।रानी अक्सर सिंपल लेकिन एलिगेंट रेशमी साड़ियां पहनती हैं, जिनमें उनका क्लासिक स्टाइल झलकता है।कभी-कभी वे डिज़ाइनर साड़ियों में भी नजर आती हैं जिनमें बारीक कढ़ाई, ज़री बॉर्डर या मॉडर्न ड्रेपिंग होती है।उनकी साड़ी लुक को और निखारते हैं सॉफ्ट न्यूड टोन मेकअप, बिंदी, और ट्रेडिशनल झुमके या नेकलेस।ट्रेडिशनल और रॉयल फील के लिए इस तरह की साड़ी एकदम परफेक्ट हैं। थ्सके सा पोल्की नेकलेस और मांगटीका कैरी कर सकती हैं। इसमें पल्लू पिन-अप करके स्टाइल करें रानी मुखर्जी ट्रेडिशनल तमिल लुक में भी बेहद खूबसूरत लगती हैं। सिंपल गोल्डन ज्वेलरी , गजरा बिंदी और काजल के साथ क्लासिक इंडियन ब्राइडल फील आता है। रानी का स्टाइल बहुत सटल लेकिन प्रभावशाली होता है। वे अक्सर गहरे और रिच कलर चुनती हैं जैसे रॉयल ब्लू, मरून, ग्रीन, गोल्डन आदि।



## रोजाना खाली पेट एक लहसुन की कली खाने से मिल सकते हैं ये 5 फायदे

शायद ही आपको इस बात का पता हो कि लहसुन का इस्तेमाल कई बीमारियों के इलाज के लिए सदियों से किया जा रहा है। इसका कारण है कि इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और कई अन्य गुण। ये गुण शरीर को कई समस्याओं से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं। यही कारण है कि आयुर्वेद में लहसुन को एक औषधि की तरह इस्तेमाल किया जाता है। आइए जानते हैं कि रोजाना लहसुन खाने से क्या-क्या फायदे हैं।

ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में है कारगर

अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो रोजाना सुबह खाली पेट एक लहसुन की कली का सेवन करना शुरू कर दें। लहसुन में ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा लहसुन में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित करने में मदद कर सकते हैं।

वजन घटाने में है प्रभावी

अगर आप बढ़ते वजन को घटाना चाहते हैं तो इसके लिए भी लहसुन का सेवन लाभदायक हो सकता है। दरअसल, इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अन्य गुण शरीर की चर्बी को कम करने में मदद कर सकते हैं।



इसके अलावा लहसुन में मौजूद यौगिक शरीर में वसा जमने से रोकता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिल सकती है। इसलिए किसी भी तरह से लहसुन का सेवन जरूर करें।

पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में है मददगार

लहसुन का सेवन पाचन क्रिया के लिए भी लाभदायक हो सकता है। इसमें मौजूद एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा लहसुन में मौजूद फाइबर पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए रोजाना एक लहसुन की कली का सेवन करें।

कैंसर के जोखिम कर सकता है कम

रोजाना एक लहसुन की कली का सेवन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के जोखिम कम करने में भी मदद कर सकता है। लहसुन में कैंसर रोधी गुण होते हैं, जो शरीर में मौजूद कैंसर कोशिकाओं को पनपने से रोकते हैं। इसके अलावा लहसुन में कुछ ऐसे खास यौगिक होते हैं, जो कैंसर के कारण होने वाले ट्यूमर को बढ़ने से रोक सकते हैं। हालांकि, लहसुन कैंसर का इलाज नहीं है इसलिए डॉक्टरी जांच को प्राथमिकता दें।

मधुमेह के स्तर को कर सकता है नियंत्रित

लहसुन में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर में इंसुलिन हार्मोन के स्तर को संतुलित कर मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा लहसुन में कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए रोजाना एक लहसुन की कली का सेवन करें।

## शब्द सामर्थ्य -128

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 127 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

## अवनीत कौर ने छोटी-सी फ्रॉक पहन दिखाई कमसिन अदाएं, हर एक तस्वीर पर फैंस की अटकी निगाहें

एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती नजर आ जाती हैं. अवनीत कौर जल्द ही लव इन वियतनाम फिल्म में नजर आएंगी. हाल ही में उन्होंने लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें अवनीत पिंक कलर का शॉर्ट आउटफिट पहनकर कमसिन अदाएं दिखा रही हैं. अवनीत की यह तस्वीरें आते ही इंटरनेट पर वायरल हो गई हैं.



इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अवनीत कौर वन शॉल्डर पिंक कलर का फ्रॉक पहनें दिख रही हैं. फोटो में वह पार्क के बीच खड़ी होकर पोज दे रही हैं.

इन तस्वीरों में अवनीत कौर नेचर के बीच एंजॉय करती दिख रही हैं. फोटो में वह अपनी क्यूट स्माइल से फैंस के दिलों को ढेर कर रही हैं.

बता दें कि अवनीत कौर की यह तस्वीरें लंदन की हैं. इन फोटोज में अवनीत बला की खूबसूरत लग रही हैं और लोग उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ कर रहे हैं.

इन तस्वीरों में अवनीत कौर अपने टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट करते दिख रही हैं. एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर एक यूजर ने लिखा, आप हर ड्रेस में कमाल लगती हो. तो वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा, आपकी स्माइल बहुत क्यूट है.

इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए अवनीत कौर ने कैप्शन में लिखा, हमारा नया सॉन्ग बड़े दिन हुए लव इन वियतनाम से, आपको कैसा लगा. अवनीत की इन तस्वीरों को अब तक हजारों की संख्या में लाइक्स मिल चुके हैं. इस आउटफिट के साथ अवनीत कौर ने अपने हाथों में पिंक कलर का बैग ले रखा है. इस फोटो में अवनीत पीछे मुड़कर पोज देती दिख रही हैं. इस तस्वीर में अवनीत कौर अपने बालों को झटकते हुए पोज दे रही हैं. इस आउटफिट के साथ उन्होंने सटल मेकअप किया हुआ है, जो लुक में चार चांद लगा रहा है.



पिंक गाउन में आरती सिंह ने दी Princess Vibes, नहीं भूली मांग में सिंदूर और मंगलसूत्र पहनना

# अमर सुल्तानिया को 'सदस्यता' सम्मान, मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**जांजगीर चाम्पा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्राथमिक सदस्यता अभियान 2024-25 के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री निवास, अटल नगर नवा रायपुर में किया गया। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा जिला भाजपा के उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अमर सुल्तानिया को उनकी उल्लेखनीय भूमिका के लिए 'सदस्यता श्री' सम्मान से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के करकमलों से प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय मौजूद रहे।

प्रदेशभर में इस अभियान के अंतर्गत 60 लाख 87 हजार 670 नए सदस्य बनाए गए। अमर सुल्तानिया के नेतृत्व में जांजगीर-चांपा जिला सदस्यता अभियान के आंकड़ों में प्रदेश स्तर पर पांचवें स्थान पर रहा, जो कि जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

श्री सुल्तानिया ने व्यक्तिगत स्तर पर भी हजारों लोगों को पार्टी से जोड़कर संगठन विस्तार में विशेष योगदान दिया। उनकी इस उपलब्धि पर शीर्ष नेताओं, भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजनों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी जा रही हैं। यह सम्मान न केवल उनके कार्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है, बल्कि पार्टी संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी प्रमाणित करता है।

# राजनीति और भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है शासकीय अग्रणी महाविद्यालय

## भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने मुख्यमंत्री, समेत अन्य अधिकारियों को लिखा पत्र

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय स्थित अग्रणी महाविद्यालय इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है जिसमें पूर्व प्राचार्य द्वारा दस्तावेज जलाए जाने की खबरें प्रकाशित की गई हैं। जिसे लेकर भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता शारदा प्रसाद गुप्ता ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समेत सचिव उच्च शिक्षा विभाग, कुलपति गाहिरा गुरु विश्वविद्यालय, एवं कलेक्टर कोरिया को पत्र लिखकर समस्त मामले की जानकारी दी , साथ ही उन्होंने एक उच्च स्तरीय जांच समिति बनाकर पिछले पंद्रह वर्षों के दस्तावेजों का सत्यापन, क्रय सामग्रियों , उनके व्यय और भंडारण का भौतिक सत्यापन किए जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय हेतु स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति के लिए भी आग्रह किया है। मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि महाविद्यालय में प्रोफेसरों के मध्य प्राचार्य के प्रभार को लेकर राजनीति चरम पर पहुंच चुकी है। आपसी खींचतान के कारण लंबे समय से महाविद्यालय में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के द्वारा किए



गए बड़े आर्थिक भ्रष्टाचार की कहानियां जनसामान्य के बीच व्याप्त हो रही हैं। पिछले पंद्रह बीस सालों में जिस प्रकार से महाविद्यालय में अनियमितताओं की वृद्धि हुई है वह अत्यन्त चिंतनीय है साथ ही अग्रणी शासकीय महाविद्यालय के शैक्षणिक स्तर का ख़राब होना भी चिंता का विषय है । इसके अतिरिक्त पूर्व प्राचार्य अखिलेश गुप्ता द्वारा अपने कार्यकाल में कोरिया जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में समय समय पर अनेक नियुक्तियां भी की थी , जिनकी जांच किया जाना आवश्यक है । उनके रिटायर होने के बाद भी महाविद्यालय में राजनीति अपने उफान पर है और प्रभार के लिए खींचतान मची हुई है । उन्होंने आरोप लगाया है कि शासकीय संसाधनों के बंदरबाट के लिए अपने आबंटित कार्यों को भूलकर अन्य गतिविधियों में व्यस्त है। जिस महाविद्यालय में मैंने स्वयं शिक्षा ग्रहण की है और कोरिया जिले के अधिकांश नागरिकों ने अध्ययन किया है उसकी ऐसी दुर्दशा देखकर मन द्रवित हो जाता है। इसलिए मैंने जिम्मेदार अधिकारियों से उच्चस्तरीय समिति गठित कर जांच हेतु आग्रह किया है। साथ ही भविष्य में गड़बड़ियां रोकी जा सकें इसके लिए स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति की जाए।

# उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह



## नवीन मुख्यमंत्री निवास, नवा रायपुर

कोरिया बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा आयोजित उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह में भाजपा एमसीबी जिलाध्यक्ष श्रीमती चम्पा देवी पावले, भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, पंकज गुप्ता समेत दोनों जिलों के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।इस गरिमामय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह , प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव , क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मंत्रीगण, विधायकगण, वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम भाजपा की संगठित शक्ति, समर्पण और कार्यकर्ता आधारित संगठन के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

# प्रधानमंत्री ने किसानों को दी सौगात

## कोरिया के 32 हजार से अधिक किसानों के खाते में पहुँचे 6.79 करोड़

## कृषि विज्ञान केन्द्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम, बड़ी संख्या में जुटे किसान

कोरिया बैकुंठपुर । **देशभर के अन्नदाताओं के लिए आज का दिन** खास रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का शुभारंभ किया। इसी क्रम में कोरिया जिले के 32 हजार 646 किसानों को भी बड़ी सौगात मिली। इन किसानों के खातों में कुल 6.79 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे पहुंचाई गई।

जिले में मुख्य कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, सलका में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में किसानों ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन सुना और अपनी खुशी व्यक्त की।कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि यह राशि उनकी खेती में नई ऊर्जा भरेगी। उन्होंने किसानों से पीएम जन-धन खाता केवाईसी पूरा कराने और एग्रीस्टेक में पंजीयन कराने की अपील की। साथ ही आवारा मवेशियों पर चिंता जताते हुए कहा कि मवेशियों को सार्वजनिक सड़कों या बाजारों में न छोड़ें, इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। किसान का सम्मान लौट रहा है,

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहित पैकरा ने कहा कि पहले के समय में किसान का वजूद सर्वोपरि था। आज फिर से पढ़े-



लिखे लोग खेती की ओर लौट रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि तीसरी बार पदभार संभालते ही उन्होंने अपना वादा निभाया।जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कहा कि सरकार लगातार किसानों के हित में योजनाएं ला रही है और हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहीं।

**कृषि से जुड़े नवाचारों की जानकारी,**

इस अवसर पर कृषि विभाग के उप संचालक राजेश भारती ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ उठाएं और कृषि कार्यालय से जुड़कर सलाह लें।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों को कृषि आधारित योजनाओं और संसाधनों की जानकारी भी दी गई।

# पुलिस अधिकारी बनकर वसूली करने वाले दो फर्जी आरोपी गिरफ्तार



कोरिया बैकुंठपुर । पुलिस अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को बैकुंठपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। घटना दिनांक 31 जुलाई 2025 की है, जब प्रार्थी जतिन साहू, निवासी कटघोरा, कोरबा, थाना बांगों में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने मकान की ढलाई के लिए ट्रैक्टर व मिक्सचर मशीन लेकर पोड़ी उपरोड़ा आया था। शाम करीब 4:30 बजे, जब वह मेन रोड के किनारे ट्रैक्टर और मिक्सचर मशीन खड़ी कर काम करवा रहा था, तभी क्रेटा कार में सवार तीन अज्ञात व्यक्ति कटघोरा की ओर से पहुंचे और खुद को पुलिस अधिकारी/कर्मचारी बताकर दबाव बनाते हुए ट्रैक्टर व मशीन के कागजात मांगे।उक्त व्यक्तियों ने प्रार्थी एवं ट्रैक्टर चालक यशवंत को धमकाते हुए कहा कि यदि कागज नहीं दिखाया गया तो ?25,000 का चालान बनेगा। भयभीत होकर प्रार्थी ने ?600 फोन-पे से और ?400 नकद मिलाकर कुल ?1000 उन्हें दे दिए, जिसके बाद आरोपी चोंटिया की ओर रवाना हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बांगों में अपराध क्रमांक 116/25, धारा 308(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया तथा सरहदी जिलों में नाकाबंदी कर सूचना प्रसारित की गई।

पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देश पर थाना बैकुंठपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विपिन लकड़ा के मार्गदर्शन में सउनि अदीप प्रताप सिंह एवं उनकी टीम—प्रआर 388 दीपक पांडेय, आरक्षक महेन्द्रपुरी, आरक्षक अमरेशानंद (साइबर सेल) तथा चालक भगवान दास द्वारा भारी चौक के पास उक्त क्रेटा वाहन को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। वाहन में दो व्यक्ति मौजूद मिले, जिनकी पहचान जाहिद खान पिता सरफुद्दीन (35 वर्ष) एवं प्रकाश सिंह गोंड पिता बिंदु सिंह गोंड (31 वर्ष), निवासी न्यू लेदरी झगराखाड़, जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के

# चेतना- छात्र जागरूकता अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूल तिफरा में किया गया छात्राओं को जागरूक

**बिलासपुर** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह दिशा निर्देश में बिलासपुर पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे चेतना अभियान के तहत नियमित रूप से चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के विभिन्न चरणों का विस्तार करते हुए वृहद रुप में सभी जागरूकता कार्यक्रमो का समावेश कर जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में चेतना- छात्र जागरूकता अभियान स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्च मा. शाला तिफरा बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे एवं विद्यालय प्राचार्य डॉ. विश्वनाथ कश्यप, सम्माननीय अभ्यागतो के गरिमामय आगमन एवं नागरिक संगठनों, छात्र छात्राओं, माता-पिता, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकगणों के विशाल उपस्थिति एवं सहभागिता में प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ के पूर्व विद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक अतिथियों का तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा और आरती के साथ परम्परागत रूप से अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। अतिथियों को एन सी सी के स्काउट छात्राओं द्वारा पायलेटिंग कर मुख्य मंच तक लाया गया। तत्पश्चात बालिकाओं द्वारा माँ सरस्वती वंदना के गुंजन के साथ अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया।इसके पश्चात स्काउट गाइड के छात्रों के द्वारा मुख्य अभ्यागतों एवं अतिथियों को सम्मानपूर्वक मंचासीन किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ से किया गया।तत्पश्चात विद्यालय के प्रचार्य डॉ विश्वनाथ कश्यप जी द्वारा स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम के उद्देश्य, रूपरेखा और मुख्य विषय के बारे में अवगत कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एएसपी रामगोपाल करियारे ने कहा कि यातायात की पाठशाला यह मुहिम आकस्मिक संकट से बचाव का अभियान है। आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन न सिर्फ कानूनी प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा है अपितु उनके स्वयं और अन्य राहगीरों के जान को जोखिम से बचाने के लिए एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में बहुत ही बड़ा नैतिक उत्तरदायित्व है।उन्होंने छात्र-छात्राओं को यातायात पुलिस के मित्र, मितान, सखा और दोस्त के रूप में निरूपित करते हुए यातायात नियमों के संवाहक की कहा। क्योंकि बच्चों के द्वारा अपने माता पिता, अभिभावकों, पालकों एवं रिस्तेदारों को सहज रूप में स्कूल के माध्यम से दी गयी जानकारियों को कठोरता से पालन करने की जिद की जाती है। आज के छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता अभिभावकों के सापेक्ष आधुनिक तकनीकी शिक्षाओं के कारण प्रत्येक नवीनता से अद्यतन होते हैं अतः इन्हें किसी भी क्षेत्र में हुए नवीनता के प्रति सहजतापूर्वक अनुकूल होने में आसानी होती है मोटर अधिनियम के नियमों में हुए अद्यतन परिवर्तन के संबंध में छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए समस्त नियमों के प्रति अपने माता-पिता एवं पालकों को संदेश प्रसारित करने हेतु समझाइस दी गयी है।इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन कर यातायात, साइबर, नशामुक्ति, नारी जागरण, महिला एवं बाल अपराध, मोबाइल एडिक्शन/ लत, चेतना शियान आदि पर आधारित नृत्य,गायन, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से उपस्थित छात्र छात्राओं एवं गणमान्य जनो को विशेष संदेश दिया गया।जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित विशेषज्ञो, मास्टर ट्रेनर एवं अतिथियों के द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात, महिला एवं बाल अपराध, साइबर अपराध, नशा उन्मूलन, मोबाइल की लत, पर्यावरण जागरूकता, सियान चेतना आदि विभिन्न विषयों पर आधारित विस्तृत चर्चा और व्याख्यान दिया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं से तत्सबन्ध में विभिन्न प्रकार के प्रश्नोत्तर करके बच्चों के प्रश्नों के जिज्ञासाओं को शांत भी किया गया बच्चों ने बड़ी तन्मयता और सक्रियता के साथ आज के इस विशेष कार्यक्रम का गंभीरता पूर्वक श्रवण किया।इस कार्यक्रम में जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित , विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर,महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभिन्न विभागों ने अति सक्रियता के साथ चेतना के सातों आयामों पर विस्तृत जानकारियां छात्र-छात्राओं को प्रदान करने हेतु कार्यक्रम को प्रत्येक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने एवं प्रत्येक स्कूल के छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के सातों चरण से अवगत कराए जाने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के संबंध में विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम के समापन पूर्व उपस्थित समस्तजनों को यातायात नियमों के प्रति सदैव संवेदनशीलता के साथ पालन किए जाने एवं सदैव निष्ठावान रहने हेतु मास्टर ट्रेनर उमाशंकर पांडे के द्वारा मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में शपथ दिलाई गई। मुख्य अभ्यागतों के गरिमामयी आगमन एवं उपस्थित सभी जनो के विशेष सहभागिता हेतु कृतज्ञता के साथ आभार प्रदर्शन किया गया। चेतना- छात्र जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं एवं आमजन को यातायात की पाठशाला के तहत यातायात के नियमों एवं प्रावधानों के संबंध में, चेतना विरुद्ध महिला अपराध के तहत महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में विधिक प्रावधानों एवं सुरक्षा के उपाय के संबंध में छात्र-छात्राओं को बताई गयी। चेतना विरुद्ध नशा के तहत युवाओं एवं आमजन में बढ़ रहे नशा के प्रभाव एवं उसके दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए लोगों को नशा छोड़ने एवं आने वाले भविष्य के बेहतर निर्माण के संबंध में अभ्यागत व विशेषज्ञों के द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया। चेतना पर्यावरण मित्र के तहत लोगों को पर्यावरण के प्रति सदैव जागरूक रहते हुए सतत विकास के क्रम में स्वच्छ हवा एवं जलवायु हेतु अधिक से अधिक पौधा लगाने एवं पृथ्वी को हरियाली से आच्छादित करने हेतु अपील करते हुए जागरुक किया गया। कार्यक्रम के अंत में समस्त छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं व प्राचार्य के द्वारा छात्र-छात्राओं के विशेष सहयोग से मानव श्रृंखला बनाकर हाथों में यातायात एवं अन्य विषयों पर आधारित तख्तियां लेकर आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन तथा किसी भी प्रकार के अपराध से दूर रहने हेतु नारा लगाते हुए यातायात जागरूकता रैली निकाली गई।समग्र `तना- छात्र जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, स्कूल प्राचार्य डॉ विश्वनाथ कश्यप तिवारी, विधिक सेवा प्राधिकरण से श्री अनिल कुमार चौहान, महिला एवं बाल विकास विभाग से राहुल पवार, परिवहन विभाग से राम गोपाल यादव , आसिफ अली सहायक नोडल अधिकारी, संदीप कुमार त्रिपाठी सहायक नोडल अधिकारी, श्रीमती सुनीता ध्रुव प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह, आरक्षक हरवंश पटेल एवं अन्य गणमान्य नागरिकगण तथा 1000 से अधिक छात्र छात्राएँ विशेष रूप से मौजूद थे।

# प्रेमनगर और रामानुजनगर के समस्त सरपंच, सचिवों को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** जिला कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देश पर पूरे जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने के लिए, एक महत्वपूर्ण पहल किया जा रहा है । जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के समन्वय से जिले के समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों को बाल विवाह मुक्त करने हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । प्रत्येक विकासखंड के सरपंच सचिवों को इस हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इसी क्रम में सूरजपुर जिले के विकासखंड- प्रेमनगर, एवं रामानुजनगर के सरपंच सचिवों को अलग-अलग तिथि में बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल ने कहा कि ग्राम पंचायतों के सरपंचों, एवं सचिवों से यह अपील की जाती है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बाल विवाह की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाएं । यह देखा गया है कि अभी भी कुछ ग्रामीण इलाकों में बाल विवाह की कुप्रथा जारी है, जो न केवल कानूनी अपराध है बल्कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है । इसके अतिरिक्त बाल विवाह से अनेकों समस्याएं उत्पन्न होती हैं जो बच्चों के जीवन को संकटमय बना देता है । इसलिए बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है तथा हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस सामाजिक बुराई को खत्म करने में प्रशासन का सहयोग करें । छत्तीसगढ़ सरकार ने पंचायत सचिवों को राजपत्र के माध्यम से जनवरी 2025 में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नामांकित किया है, इस नाते सभी सचिवों की जिम्मेदारी बढ़ गई है । श्री जायसवाल ने सचिवों को विवाह पंजी संधारित करने एवं पंचायत में होने वाले समस्त विवाहों का अनिवार्य पंजीयन हेतु आग्रह किया । राज्य बाल संरक्षण समिति द्वारा इस सत्र में 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त करने का प्रस्ताव पास कर राज्य को भेजने की बात बताई, जिसमें उपस्थित पचास प्रतिशत सरपंच एवं सचिवों ने अपने ग्राम पंचायत में बाल विवाह नहीं होने की जानकारी दी, और पंचायत प्रस्ताव एवं ग्राम सभा का प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया । आगे जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल ने कहा कि यह कार्यशाला बाल विवाह के विषय में सरपंचों और सचिवों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है । इसका उद्देश्य आप सभी को इस सामाजिक बुराई को रोकने के लिए सशक्त करना है । तथा आप सभी को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के कानूनी प्रावधानों और इस अपराध को रोकने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना है । केंद्र सरकार ने पूरे भारत को बाल विवाह मुक्त भारत और राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ करने का संकल्प लिया है । इसी क्रम में हमें भी सूरजपुर जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाना है । छत्तीसगढ़ में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है जिसमें पंचायत के सरपंच अध्यक्ष एवं पंचायत सचिव उसके सचिव हैं । श्री जायसवाल के द्वारा कार्यशाला के दौरान सरपंचों और सचिवों को निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई:-

कानूनी जागरूकता: बाल विवाह के कानूनी प्रावधान और दोषियों पर होने वाली कार्यवाही ।पलायन पंजी: पलायन पंजी अनिवार्य रूप से संधारित करने हेतु बताया गया ।सूचना तंत्र: बाल विवाह की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन, और बाल संरक्षण विभाग को कैसे दें । तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व महिला हेल्पलाइन 181 को सूचित करने के संबंध विस्तृत चर्चा ।

बैठक: पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति की मासिक बैठक अथवा अनिवार्य त्रैमासिक बैठक के संबंध में ।विवाह पंजी अनिवार्य: सभी विवाहों का अनिवार्य पंजीयन सुनिश्चित करने हेतु ।जन जागरूकता अभियान: गांव में जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए व्यवहारिक सुझाव ।जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी सरपंच और सचिवों को शपथ दिलाया कि हम अपने परिवार में कभी बाल विवाह नहीं कराएंगे । समाज में व्याप्त बाल विवाह का सदैव विरोध करेंगे । तथा अपने गांवों में बाल विवाह मुक्त वातावरण बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। श्री जायसवाल ने आगे कहा कि सरपंच और सचिव हमारे गांव के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं । उनकी सक्रिय भागीदारी के बिना बाल विवाह को रोक पाना संभव नहीं है । हम उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं । हमें मेरा पंचायत बाल विवाह मुक्त पंचायत विषय पर विशेष काम करना है ।

### दो ट्रक की टक्कर में दो जख्मी, कर लिया समझौता

**कोरबा।** कोरबा से हटी जाने वाले रास्ते पर आज सुबह दो ट्रैकों की आपस में टक्कर हो गई। इसमें इन वाहनों के दो लोग जख्मी हुए हैं। खास बात यह है कि उन्होंने आपस में ही समझौता कर लिया और पुलिस के पास रिपोर्ट लिखाने से इनकार किया। जानकारी मिली कि सुबह 6-00 के आसपास चचिया गांव के पास यह घटना हुई। अलग-अलग दिशा की तरफ जा रहे दो ट्रक की टक्कर आमने-सामने हो गई। वहां के चालक की लापरवाही से इस घटना के होने की बात कही जा रही है। इन वाहनों से संबंधित दो व्यक्तियों को घटना में सामान्य चौट आई। जानकारी होने पर आसपास के लोग हरकत में आए। बताया गया कि उन्होंने स्थानीय स्तर पर अपनी चिकित्सा करने में दिलचस्पी दिखाएं और पुलिस के पास जाने से दूरी बनाई। करतला पुलिस थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि चचिया गांव के पास मुख मार्ग पर सुबह घटना होने की सूचना मिली जिस पर आवश्यक रूप से संज्ञान लिया गया। मामले में दो ट्रकों के बीच टक्कर होने की खबर है । इस घटना में पीड़ित व्यक्ति के द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने में किसी प्रकार की रुचि नहीं ली गई। इसलिए कार्यवाही का सवाल नहीं बनता।

### सावन उत्सव आज

**कोरबा।** शारदा विहार महिला मंडल आज सायं सावन उत्सव का आयोजन टीपीनगर के एक होटल में कर रहा है। अलग-अलग श्रेणी में पुरस्कार दिये जायेंगे।

# जेल को चुनौती देकर भागे कैदियों की खोज में जुटी पुलिस

## आईजी जेल पहुंचे कोरबा, स्थिति का जायजा लिया

**कोरबा।** यहां के जिला जेल की 25 फीट ऊंची दीवार फांदकर भागने में सफल रहे 4 कैदी, जेल प्रबंधन और प्रशासन के लिए सिरदर्द बन गये है। इस घटना ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए खतरा पैदा कर दिया है। आईजी जेल ने आज कोरबा पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। फरार कैदियों की खोजबीन के लिए पुलिस की टीम बनाई गयी।

इससे पहले फरार कैदियों के खिलाफ जेल प्रबंधन की सूचना पर सिविल लाईन पुलिस ने अलग से मामला दर्ज किया है। याद रहे 2 अगस्त को जेल की दीवार फांदकर विचाराधीन बंदी राजा कंवर 22 वर्ष भूलसीडीह, दशरथी सिदार 19 वर्ष पोड़ीबहार नीचे मोहल्ला, सरनासिंकू 26 वर्ष लालघाट मुण्डामोहल्ला बालकोनगर और चंद्रशेखर राठिया 20 वर्ष कमतरा घरघोड़ा रायगढ़ फरार हो गये। 3 से 4 बजे के मध्य ये गौशाला के नजदीक दीवार से फरार हुए। पास्को एक्ट में इन्हें नामजद किया गया था और जेल में निरूद्ध करने के साथ गायों की देखभाल करने की जिम्मेदारी दी गई थी। सीसीटीव्ही फुटेज में इनके भागने की तस्वीर कैद हुई है।

बताया गया कि आरोपियों के ठिकाने के साथ-साथ आसपास में उनकी पतासाजी के लिए पुलिस की टीमें बनाई गयी है जो अपना काम कर रही है। जिन कपड़ों में आरोपी फरार हुए है, वे फुटेज जांच टीम के पास है। आसपास में भी इन्हें साझा किया गया है ताकि कम्यूनिटी पुलिसिंग के अंतर्गत इस बारे में आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जा सके। जेल प्रबंधन की ओर से जेलर विज्ञानंद सिंह ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है। आरोपियों के बारे में किसी प्रकार की जानकारी लोगों को होने पर वे कंट्रोल रूम के नंबर 9479193399 और सिविल लाईन थाना रामपुर प्रभारी को उनके नंबर 9479260226 व 7693913611 पर सूचित करें। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमारी जांच टीमों को





इस मामले को टास्क के तौर पर दिया गया है कि वे इसे अविलम्ब हल करें। इसके अतिरिक्त गुप्तचरों को भी काम में लगाया गया है।

# पसरखेत रेंज में मादा हाथी ने दिया बच्चे को जन्म, उपचार जारी

**कोरबा।** जिले के वनमण्डल कोरबा के पसरखेत रेंज में एक मादा हाथी ने शावक (बच्चे) को जन्म दिया है। यह नवजात शावक चल फिर नहीं पा रहा है, जिसकी वजह से वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कई घण्टे की मशक्कत के बाद शावक को आज सुबह जंगल से लेकर रेंज ऑफिस लाये और पशु चिकित्सक को बुलाकर उसका उपचार शुरू कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक नवजात के स्वस्थ होते ही उसे जंगल में लेजाकर उसके मां के पास छोड़ दिया जायेगा।

मिली जानकारी के अनुसार पसरखेत रेंज के मदनपुर सर्किल में इन दिनों 11 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस में एक गर्भवती मादा हाथी भी शामिल थी। बताया जाता है कि मादा हाथी ने सर्किल अंतर्गत बगधरीडाण्ड के जंगल में कुल सुबह एक बच्चे को जन्म दिया। यह बच्चा कमजोरी की वजह से चल फिर नहीं हो पा रहा था। खड़े होते ही गिर जा रहा था। जब इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों



को लगे तो तत्काल मौके पर पहुंचकर इसकी निगरानी शुरू कर दिया। उसकी मां भी पास मौजूद थी। जिसकी वजह से वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी हाथी के बच्चे को सफल रेस्क्यू नहीं कर पा रहे थे। वन विभाग की टीम रात भर जंगल में डटी रही। आज सुबह नवजात शावक की मां जब आगे की ओर बढ़ी और दल में शामिल हो गई तो टीम नवजात शावक को रेस्क्यू कर रेंज आफिस पसरखेत लेकर आई और पशु चिकित्सक को बुलाकर उसका उपचार शुरू कर दी है। उपचार के बाद नवजात की स्थिति में सुधार हो रहा है।

### 21 हाथी भी पहुंचे पसरखेत

इस बीच कुदमुरा रेंज के चचिया परिसर में विचरण कर रहे 21 हाथी भी पसरखेत रेंज में पहुंच गये है। बड़ी संख्या में हाथियों को आज सुबह रेंज अंतर्गत कोलगा जंगल में देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिस पर वन अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। कोलगा व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है।

### गिरफ्तार ग्रामीण जेल दाखिल

उधर कुदमुरा रेंज के बैगामार गांव में हाथी की करेंट से मौत मामले में गिरफ्तार किये गये 3 ग्रामीणों को वन विभाग ने करतला स्थित अदालत में पेश किया, जहां न्यायाधीश ने रिमाण्ड पर तीनों को जिला जेल कोरबा भेज दिया।

### प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन गेवरा द्वारा 4 सूत्रिय मांगों को लेकर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया। बीकेकेएमएस के रामनारायण साहू व मदन सिंह ने सौंपे ज्ञापन में कहा कि कोयला कामगारों को आवास नहीं मिल पा रहा है। वे किराये के मकानों में रहने के लिए मजबूर हैं। गेवरा क्षेत्र में आवासों की कमी है। यहां पर नए आवास बनाए जाने की मांग की गई। इसी तरह सलेक्शन समिति के संबंध में कहा गया है।

# भारी पेनल्टी के बाद भी नहीं सुधरी बुधवारी बाजार की व्यवस्था



**कोरबा।** नगर निगम के द्वारा पिछले दिनों यहां के बुधवारी बाजार का जायजा लेने के साथ कुछ कारोबारी पर जुर्माना किया गया। इसके साथ ही आगे के लिए चेतावनी दी गई। इसके बाद भी यहां से जुड़ी अब्यवस्था दूर नहीं हो सकी है।

सब्जी मार्केट के आसपास गंदगी की उपस्थिति होने से बाजार में सब्जी खरीदने के लिए आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। कई जगह पर पानी भरा हुआ है तो कहीं भी अनुपयोगी सब्जियां डंप कर दी जा रही हैं। ऐसी स्थिति में काफी संख्या में मवेशी यहां अपनी जरूरत की पूर्ति करने के लिए पहुंच जाते हैं। उनके द्वारा सब्जी को यहां वहां बिखरा देने के साथ-साथ अपशिष्ट करने से बाजार की हालात बदतर हो रही है। बारिश होने पर यह समस्या और ज्यादा बढ़ जाती है जबकि कुछ घंटे के लिए धूप निकलने पर यहां से आने वाली दुर्गंध लोगों को नाक और मुंह बंद रखने के लिए मजबूर करती है। याद रहे नगर निगम के आयुक्त आशुतोष पांडे ने कुछ दिन पहले ही अपनी टीम के साथ बुधवारी बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान पाया गया की सब्जी भाजी का विक्रय करने वाले लोगों की गलती से व्यवस्था हो रही है इसलिए उनके खिलाफ पेनल्टी की कार्रवाई की गई। माना जा रहा था कि इस तरह का एक्शन लेने से कारोबारी का मनोबल कमजोर होगा और वह पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करने की मानसिकता बनाएंगे लेकिन एक बार फिर से हालात जस के तस हो गए हैं। और यह बताता है कि कारोबारी को नगर निगम की कार्रवाई और जुर्माना का कोई डर नहीं है।

# एनकेएच ने एक दिन में एंजियोप्लास्टी का बनाया रिकार्ड

**कोरबा।** कोरबा हॉस्पिटल का कार्डियोलॉजी विभाग कोरबा जिले में हृदय रोगियों के लिए आशा की नई किरण बनकर उभरा है। अस्पताल में अब तक 120 से अधिक सफल एंजियोप्लास्टी और 300 से अधिक एंजियोग्राफी की प्रक्रियाएं की जा चुकी हैं। लगभग 1000 से ज्यादा मरीज हृदय रोग से संबंधी जांच भी करा चुके हैं। शुक्रवार को एक दिन में 05 एंजियोप्लास्टी और 40 से अधिक मरीजों ने अपना जांच कराया जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि एनकेएच अब कोरबा का भरोसेमंद हृदय उपचार केंद्र बन गया है।

एनकेएच में स्थापित अत्याधुनिक कैथ लैब और अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट की नियमित साप्ताहिक विज़िट से मरीजों को समय पर परामर्श और उपचार राहत मिल रही है। अब कोरबा के हृदय रोगियों को इलाज के लिए रायपुर या बिलासपुर की



दौड़ नहीं लगानी पड़ती।

एनकेएच में स्थापित आधुनिक कैथलैब से जांच और उपचार सुविधाएं, ईसीजी, 2डी -ईको, टीएमटी, होल्टर जैसी सभी आवश्यक जांच एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट की नियमित उपलब्धता, न्यूनतम चीरा लगाकर की जाने वाली सुरक्षित एंजियोप्लास्टी, 24 घण्टे 7 दिन इमरजेंसी हृदय सेवा की विशेषता उपलब्ध है।

एनकेएच प्रबंधन ने बताया कि उनका उद्देश्य राजधानी स्तर की चिकित्सा सेवा को औद्योगिक जिला कोरबा में ही उपलब्ध कराना है। कार्डियोलॉजी विभाग में मिल रही निरंतर सफलता इसका प्रमाण है। अस्पताल ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे हृदय रोग संबंधी लक्षणों जैसे कि सीने में दर्द, थकान, साँस फूलना आदि को हल्के में न लें और समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लें ताकि वक्त रहते किसी भी तरह की आशंका को क्षीण किया जा सके व समय पर उपचार प्रारम्भ होने से प्राण रक्षा हो सके।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आज कटघोरा में

**कोरबा।** कटघोरा शहर कांग्रेस की बैठक आज आयोजित की गई है। इस बैठक में प्रभारी पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर उपस्थित रहेंगे। बैठक में मंडल गठित करने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। आज कोरबा ग्रामीण बैठक की भी आयोजित की गई है। इसमें जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान व प्रभारी तनवीर अहमद मौजूद रहेंगे। जबकि कल दीपका ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई जिसमें मंडल गठित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। दीपका क्षेत्र में दो मंडल बनेंगे। इस बैठक में दीपका प्रभारी शेख इस्तियाक, दीलिप सिंह, विकास शुक्ला, रजनीश तिवारी, सद्दाम अनिता तिवारी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। कटघोरा ग्रामीण की बैठक भी छूरी में आयोजित की गई। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अशोक देवांगन गोरेलाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्ट्रीट लाईट हुई ठीक

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र के सड़कों पर स्ट्रीट लाईट खराब हो गए हैं। कुचैना मार्ग पर भी लगे स्ट्रीट लाईट खराब हो गए थे। सुधार कार्य करने के लिए युवा कांग्रेस के कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान ने शिकायत की थी। लेकिन बिजली विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने पर उन्होंने बिजली कर्मियों को बुलाकर स्ट्रीट लाईट ठीक करा दिया है। स्ट्रीट लाईट खराब होने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी।

# किसानों के खाते में आये 19 करोड़

**कोरबा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 25.47 लाख किसानों को 553.34 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। यह राशि किसानों को सम्मान स्वरूप दी गई है। कोरबा जिले में इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, कटघोरा के प्रांगण में कृषकों के लिए सीधा प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के दिन को प्रधानमंत्री किसान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। जिले के 80 हजार 660 किसानों को मिला 19.32 करोड़ रुपये का लाभ मिला।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार किसानों को फसल बीमा, उचित मूल्य पर फसल खरीद, एवं कृषि क्षेत्र में उन्नति के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। यह पहल कृषि समृद्धि की दिशा में एक सशक्त कदम है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और इस लक्ष्य में किसान, लघु उद्योग एवं नौजवानों का योगदान सर्वोपरि है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लेने और देशवासियों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कृषि मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रामविचार नेताम एवं अन्य गणमान्यजन वर्चुअली रूप से उपस्थित रहें। किसानों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए बधाई दी गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का मुख्य उद्देश्य देश के सभी पात्र किसान परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि वे कृषि कार्यों में होने वाले खर्चों को पूरा कर सकें और उनकी आय में स्थिरता बनी रहे। पीएम किसान सम्मान निधि का उद्देश्य किसानों की आर्थिक मदद- खेती-बाड़ी, बीज, उर्वरक, उपकरण आदि की खरीद के लिए प्रत्यक्ष नकद सहायता प्रदान करना, किसानों की आय को स्थिर बनाना और उन्हें खेती पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करना, कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देकर उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करना, किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर ग्रामीण विकास को गति देना, खेती के खर्च के लिए किसानों को साहूकारों या महंगे ऋण पर निर्भर होने से बचाना है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, कटघोरा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.पी. सिंह ने की। कृषि विभाग के उप संचालक डी.पी.एस. कंवर, बड़ी संख्या में किसान समेत अन्य कर्मचारीगण अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कोयला कामगार परेशान

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा कालोनी में कुछ दिनों से कचरों का उठाव नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते बदबू कालोनी में फैल रही है। कोयला कामगार परेशान होने लगे हैं। कचरों के उठाव को लेकर लगातार प्रबंधन से शिकायत भी की गई है। कालोनी की सफाई को लेकर एचएमएस फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमलाल यादव, एसडी मानिकपुरी, शेखचंद मंसूरी व अनूजराम द्वारा मामले को अधिकारियों के सामने कई बार रखा गया है।

आवश्यकता है

(B.E. सिविल)

कोरबा जिला में सरकारी कार्यों हेतु एक अनुभवी सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।

न्यूनतम अनुभव:- 5 वर्ष

अनिवार्य वेतन

योग्यता एवं अनुभव अनुसार

संपर्क करें

9755784977

# जिले के अधिकारी सम्मानित हुए मुख्यमंत्री के हाथों



**कोरबा।** संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के अंतर्गत न्यू सर्किट हाउस, रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा के द्वारा कोरबा जिले के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। शनिवार को राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में कोरबा जिले से जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय, सूर्य नारायण केसरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीमती रेणु प्रकाश जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कोरबा, डॉ.दीपक राज कोरबा खंड चिकित्सा अधिकारी को मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री द्वय के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया। इस सम्मान के लिए इन्हें बधाईयां मिल रही हैं।

न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइंस रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के अवसर पर आकांक्षी जिला कोरबा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रजत पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग को प्रदान किया गया। यह सम्मान नीति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के तहत संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। जुलाई से सितंबर 2024 तक चले संपूर्णता अभियान में कोरबा जिले ने 6 में से 5 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में शत-प्रतिशत पूर्णता प्राप्त की। यह उपलब्धि जिला प्रशासन के मजबूत नेतृत्व, ब्लॉक अधिकारियों, स्वसहायता समूहों, फील्ड स्टाफ और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत भी कोरबा जिले के कोरबा ब्लॉक ने 6 में से 5 संकेतकों में पूर्णता प्राप्त कर रजत पदक, और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक ने 6 में से 4 संकेतकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया। इस सफलता व उत्कृष्टता का श्रेय कलेक्टर अजीत वसंत के कुशल मार्गदर्शन को दिया गया है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com